
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



'द इंडिया स्टोरी' 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



दो साल में ही टूटा रिश्ता

वर्ष : 12 | अंक : 206 | लखनऊ, 20 जुलाई, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## बाढ़ और भूस्खलन ने मची तबाही, सुरनकोट रहा सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र

# एक रात की मूसलाधार बारिश ने उजाड़ दिए कई घर, 11 लोगों की मौत, कई मकान मलबे में दबे और परिवार का अता-पता ही नहीं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में भारी बारिश ने काफी तबाही मचा दी है। शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। कम से कम 4 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 3 बच्चे भी हैं। जिले की सुरनकोट तहसील में बारिश का सबसे ज्याद असर देखने को मिला है। यहां कई घर भूस्खलन की चपेट में आ गए। मालिक मोहम्मद लतीफ और उनके परिवार के 5 अन्य सदस्य लापता हो गए।



### कई गांवों में मौत और तबाही

संगलेयानी गांव में मकान गिरने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं मरहोट गांव में इरम नाम की नाबालिग लड़की तेज बहाव वाले नाले में बह गई और उसकी मौत हो गई। धुंधक लठूंग पुल के पास एक नाले से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है।



### मड़ा गांव में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज

सुरनकोट तहसील के मड़ा गांव में क्षतिग्रस्त मकान से शवों को निकालने का काम जारी है। मलबे से 8शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि गांव में अभी भी 6लोगों के लापता होने की सूचना है।प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में बचाव दल तैनात कर दिए हैं।

### डीसी और एसएसपी ने संभाली स्थिति

पुंछ के उपायुक्त अशोक कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शफकत हुसैन ने घटनास्थलों का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।प्रशासन, पुलिस और सेना की संयुक्त टीमें लगातार प्रभावित इलाकों में अभियान चला रही हैं।

### शाह ने की उपराज्यपाल और सीएम से बात, मदद का भरोसा दिया



अमित शाह

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की है। गंभीर हालात और राहत कार्यों की समीक्षा के लिए यह बातचीत की।शाह ने राज्य प्रशासन को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का पूरा आश्वासन दिया है ताकि प्रभावित लोगों की सुरक्षा और बचाव अभियान तेजी से चलाया जा सके।*

### नगालैंड में भी कई जगह भूस्खलन, आठ लोगों की मौत, बारह लोग हुए घायल




*मोन । नगालैंड के मोन जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच रविवार सुबह हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम 8लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में हुए इस हादसे में 10 से 15 मकान, जिनमें 13 घर पूरी तरह प्रभावित बताए जा रहे हैं, मलबे में दब गए।*

### अब तक 4 शव निकाले गए

उपायुक्त वेन्येई कोन्याक ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद किए गए हैं और 4 अन्य लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। उन्होंने बताया कि कई लोगों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका है और उनकी तलाश जारी है। सबसे अधिक प्रभावित इलाके मोन टाउन और तिजित हैं। एसडीआरएफ,एनडीआरेफ पुलिस, असम राइफल्स की टीमें और स्थानीय लोग खोज और बचाव अभियान में लगे हुए हैं। 12 अन्य लोग घायल हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### टाटा-हावड़ा स्टील एक्स पर टूटा इलेक्ट्रिक तार



**सिंहभूम।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में रविवार सुबह टाटा-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस के साथ रेल हादसा टल गया। गालूडीह थाना क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी पर बने पुल के पास ट्रेन पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक तार टूटकर कोच की छत पर गिर गया, जिससे ट्रेन बीच पुल पर ही रुक गई। फिलहाल इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### एआई से बनाई ओएमआर शीट तो खैर नहीं: एनटीए



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट उम्मीदवारों और उनके माता-पिता के लिए एक बेहद सख्त एडवाइजरी जारी की है। अगर कोई भी छात्र अपने नंबरों को लेकर शिकायत दर्ज कराते वक्त फर्जी या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनाई गई ओएमआर शीट जमा करता है,तो सीधा कानूनी एक्शन लिया जाएगा।

### डॉक्टर से मारपीट, शिवसेना पार्षद का सरेंडर



**मुंबई।** महाराष्ट्र के एक अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ सरेआम मारपीट करने के आरोपी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे ने रविवार को आखिरकार पुलिस के सामनेसरेंडर कर दिया है। यह कदम उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से उनकी जमानत रद्द किए जाने के ठीक एक दिन बाद उठाया है।हाईकोर्ट ने शनिवार को म्हात्रे की जमानत खारिज कर दी थी।

### माओवादी ठिकाने से हथियार, कारतूस बरामद



**लातेहार (झारखंड)।** झारखंड पुलिस ने लातेहार जिले में माओवादियों के एक ठिकाने से हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी रवींद्र गंझू से मिली सूचना के आधार पर एक एके-56 राइफल, दो मैगजीन और 90 कारतूस बरामद किए गए हैं।

## मानसून सत्र में हंगामे के तगड़े आसार: सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे को पटखनी देने की जुगत में

# नीट पेपर लीक, प्रधान के इस्तीफे, राम मंदिर चढ़ावा चोरी, बागी सांसदों के मुद्दे पर विपक्ष रहेगा हमलावर

**» विपक्ष के तीरों को कुंद करने की तैयारी में जुटे सरकार के सिपहसालार**

**» कॉकरोच जनता पार्टी का संसद कूच आज, जंतर मंतर पर युवाओं की भारी भीड़**

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**



संसद का मानसून सत्र आज सोमवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र के दौरान कई मुद्दों को लेकर संसद में भारी हंगामा होने के आसार है। विपक्ष पुरजोर तरीके से सत्तापक्ष पर हमलावर रूख अख्तियार करेगा ऐसी संभावना है। फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुए विपक्षी दलों ने जिस एकजुटता के साथ बैठक से वॉकआउट किया उससे यह संभावना और ज्यादा बढ़ गयी है कि मानसून सत्र की बैठक सुचारू रूप से चलनी मुश्किल होंगी। ज्ञात हो कि कुछ विपक्षी दलों में टूट के कारण बने नए राजनीतिक समीकरणों के बीच संसद का नया सत्र शुरू होने जा रहा है।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने सभी विपक्षी दलों से सहयोग की अपील की है पर इस बार नीट पेपर लीक धरना, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, राम मंदिर चढ़ावा चोरी और बागी सांसदों के मुद्दें से लेकर बेरोजगारी, ई 20 पट्रोल और अमेरिका का भारत के प्रति कठोर सहित कई मसलों पर सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव हो सकता है।

कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर मंतर पर चल रहे धरने से सोनम वांगचुक को जबरन हटाने को लेकर भी विपक्ष सरकार पर हमला बोलेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी ने संसद की तरफ कूच का ऐलान किया हुआ है। कई विपक्षी नेता धरने पर जाकर सरकार को अलोकतांत्रिक बता चुके हैं। सोमवार को सरकार कूच करने वाले युवाओं से कैसे निपटती है इस पर भी जनता की निगाह रहेगी। विपक्षी दल परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक पर कड़ा रूख अपनाते दिख सकते हैं। परिसीमन संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को हालांकि अभी तक विधायी एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार के भी 'आक्रामक रुख' अपनाने की संभावना है और मानसून सत्र के दौरान उसकी 'प्राथमिकता' विधेयकों को पारित कराने की होगी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस को हालांकि भरोसा है कि 'इंडिया' गठबंधन के दल इस विधेयक का विरोध जारी रखेंगे।

सरकार निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को लागू करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के प्रयास में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। शरद पवार की एनसीपी समेत कुछ विपक्षी दल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यदि परिसीमन मसौदा कानून में राज्यों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रावधान किए जाते हैं, तो वे सरकार के इस कदम के लिए तैयार हो सकते हैं। अप्रैल में हुए विशेष सत्र में खारिज हुए 131वें संविधान संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करने वाले द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने भी कहा है कि वह नये मसौदे की समीक्षा करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देगी।

### टीएमसी ने उठाए सवाल: किस आधार पर बुलाया गया?

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा एनसीपीआई बनाने वाले 20 बागी टीएमसी सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था को मंजूरी दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने यह वॉकआउट किया था। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकार के इस कदम पर तीखे सवाल उठाए। महुआ ने कहा कि स्पीकर ने अब तक इन बागी सांसदों के विलय को मंजूरी नहीं दी है और उनके खिलाफ अयोग्यता की याचिकाएं अभी भी लंबित हैं। उन्होंने तर्क दिया कि टेबल ऑफिस द्वारा दी गई सूची में टीएमसी के सदस्यों की संख्या कुछ और बताई है। उन्हें किस आधार पर आमंत्रित किया?

#### एनसीपीआई का तर्क

टीएमसी की आपत्तियों के बीच एनसीपीआई नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने पार्टी की भागीदारी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि पार्टी सरकार की ओर से आमंत्रण मिलने के बाद ही इस बैठक में शामिल हुई है। रिजिजू ने 19 अन्य लोकसभा सांसदों को मानसून सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया था।

#### पटनायक की नसीहत
#### पेपर लीक पर छात्रों से संवाद करे सरकार



बीजू जनता दल (बीजेडी) के प्रमुख नवीन पटनायक ने केंद्र सरकार से परीक्षा में कथित गड़बड़ियों का विरोध कर रहे छात्रों से बातचीत शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में गंभीर चर्चा होनी चाहिए। सीजेपी परीक्षा में कथित गड़बड़ीके विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है।

#### डीलिमिटेशन बिल का समर्थन करेगी डीएमके



सर्वदलीय बैठक में परिसीमन बिल को लेकर डीएमके का रुख चर्चा का विषय बन गया। आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने दावा किया कि डीएमके ने बिल का समर्थन किया है। हालांकि, सांसद तिरुची शिवा ने साफ कहा कि सरकार ने अभी तक कोई स्पष्ट प्रस्ताव पेश नहीं किया है ।और पार्टी को इस मुद्दे पर सरकार से और स्पष्टता चाहिए। डीएमके ने बैठक में कहा कि महिला आरक्षण को मौजूदा लोकसभा सीटों की संख्या के आधार पर ही तुरंत लागू किया जाना चाहिए।

#### जयराम ने साफ की तस्वीर-परिसीमन बिल का समर्थन नहीं करेंगे



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने परिसीमन बिल को लेकर कहा कि कांग्रेस इस विधेयक का समर्थन नहीं कर रही है। जयराम ने चैनल पर दिखाई जा रही खबरों निराधार बताते हुए उन मीडिया हाउसों को आड़े हाथों लिया जो विपक्ष के रुख को लेकर गलत दावे कर रहे हैं। उन्होंने एक्स लिखा, कुछ चैनल फैलाई गई ये खबर दिखा रहे हैं कि कांग्रेस ने बैठक में विधेयक का समर्थन किया है।

## कोर्ट से अभिषेक को आंशिक राहत

# पार्टी ऑफिस को गिराने पर रोक, यथास्थिति बनाए रखें

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण 24 परगना जिले के आमतला स्थित डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र के कार्यालय को गिराने की कार्रवाई पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने रविवार को मामले की विशेष सुनवाई करते हुए जुलाई महीने के अंत तक भवन को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी ने रविवार को विशेष बैठक के दौरान राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह आमतला स्थित इस भवन से जुड़े सभी दस्तावेज अदालत में पेश करे। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष होगी। यह भवन 'लीप्स एंड बाउंड्स' कंपनी का बताया जा रहा है।

### अभिषेक ने बताया था वैध निर्माण

अभिषेक ने प्रशासन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि यह उनका संसदीय क्षेत्र का कार्यालय है। उनका कहना है कि भवन खरीदी गई जमीन पर बनाया गया है और इसके लिए सभी जरूरी सरकारी अनुमति ली गई थी। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को अनुचित बताया था।अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद जुलाई के अंत तक भवन पर किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

# अब सरकारी स्कूलों का होगा मूल्यांकन, सच पोर्टल लॉन्च

### मुख्यमंत्री सैनी ने विद्यालय प्रबंधन समितियों से किया संवाद



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और जनभागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि खंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) को 10 लाख रुपये का विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह राशि संबंधित स्कूल के विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। उत्कृष्ट समितियों का चयन स्कूलों के मूल्यांकन के लिए शुरू किए गए 'सच' पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को हरियाणा निवास, चंडीगढ़ से प्रदेशभर की सरकारी स्कूलों की विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ राज्यस्तरीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के मूल्यांकन के लिए 'सच' पोर्टल का शुभारंभ भी किया। उन्होंने घोषणा की कि विद्यालय प्रबंधन समितियों को पेयजल टैंक, शौचालय, चरदीवारी और अन्य जरूरी मरम्मत जैसे छोटे विकास कार्यों के लिए एक लाख रुपये तक खर्च करने का अधिकार दिया जाएगा।

## पुलिस ने शव बरामद किया

## हैदराबाद में हैरान करने वाला मामला सामने आया

# नग्नावस्था में मंदिर से महिला इंजीनियर देवी की मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



यहां एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 25 साल की एक युवती ने नग्न अवस्था में मंदिर में प्रवेश किया। वह देवी अम्मावरु की मूर्ति उठाकर भागी और पास के तालाब में कूद गई। पुलिस ने तालाब से युवती का शव बरामद कर लिया है, लेकिन पुलिस गोताखोरों की मदद से मूर्ति की तलाश कर रही है, जिसे महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।

### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी वह

जांच में सामने आया है कि मृत युवती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। वह पहले बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थी। इसके बाद वह विशाखापत्तनम में रहने लगी थी। युवती के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। इस वजह से उसके पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं, जबकि उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रहती थीं। युवती और उसकी मां दोनों ही भय और डर से त्रस्त थीं।

### घटना से पहले मां को कमरे में किया बंद

पुलिस ने बताया कि घटना से पहले 17 जुलाई को युवती अपनी मां के साथ मियापुर में एक फ्लैट देखने गई थी। वे वहां दो बेडरूम का अपार्टमेंट खरीदने की योजना बना रही थीं। घर लौटने के बाद दोनों अपने-अपने कमरों में सोने चली गईं। इसके बाद युवती ने अपनी मां के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। फिर वह नग्न अवस्था में मंदिर गई और वहां से मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई।



### 22 को होगी श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक

**अयोध्या।** अयोध्या से एक बड़ी खबर है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जुलाई को शाम 4 बजे अयोध्या में ट्रस्टियों की एक बैठक बुलाई है। ट्रस्टी एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे और विभिन्न समितियों का पुनर्गठन करेंगे और ट्रस्ट की पिछली बैठकों की कार्यवाही को मंजूरी देंगे। चढ़ावे में चोरी का मामला सामने आने के बाद देशभर में काफी हंगामा हुआ था और ट्रस्ट को लेकर सवाल खड़े हुए थे।

## कोलकाता में शब्द संग्रहालय के उद्घाटन पर बोले गृहमंत्री शाह

# किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र की संस्कृति और अभिव्यक्ति भाषा के बिना संभव नहीं

### चेतना का वैश्विक प्रकाशस्तंभ रहा बंगाल, सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवन मिलेगा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राष्ट्रीय पुस्तकालय में नव-निर्मित शब्द संग्रहालय के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की संस्कृति के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि प्रधानमंत्री देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के संकल्प में अहम मील का पत्थर स्थापित कर रहे हैं। शाह ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र की संस्कृति और उसकी अभिव्यक्ति भाषा के बिना संभव नहीं है और भाषा स्वयं भावनाओं से जन्में शब्दों के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती।

### हमारी भावी पीढ़ियों को समझना होगा

उन्होंने कहा कि जब तक हमारी भावी पीढ़ियां इस यात्रा को नहीं समझेंगी, तब तक देश का सांस्कृतिक पुनरोद्धार वास्तव में नहीं हो सकता। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि यह शब्द संग्रहालय सांस्कृतिक पुनरुत्थान की इस प्रक्रिया में एक मौलिक आवश्यकता को पूरा करेगा और अपने मिशन में सफल होगा। यह संग्रहालय हमारी भाषा और संस्कृति की गहराई को समझने में अहम होगा। **कानून व्यवस्था पर की बड़ी बैठक:** शाह ने बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी के साथ राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। राज्य की सीमा बांग्लादेश के साथ 2,217 किमी लंबी है और इसकी सीमाएं नेपाल और भूटान से भी लगती हैं।

## संक्षेप

### दुबग्गा में भाई से मिलने आए बुजुर्ग की रास्ते में मौत

लखनऊ। दुबग्गा में बेगरिया रोड पर रविवार सुबह बाजारखाला निवासी रामप्रसाद 56 की मौत हो गई। सांस की बीमारी से पीड़ित रामप्रसाद भाई मुन्नालाल से मिलने आए थे। घर जाते समय कॉम्प्लेक्स के बाहर गिर पड़े। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।

### स्मार्ट मीटर लगाने के बहाने चोरी करने में पांच गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल की डिलीवरी देने और स्मार्ट मीटर लगाने के बहाने घर की रेकी कर चोरी करने वाले गिरोह का मड़ियांव पुलिस ने राजफाश कर पांच को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में छात्र, डिलीवरी ब्वाय और स्मार्ट मीटर लगाने वाले लोग हैं। पुलिस ने चोरों के पास से माल और जेवर भी बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक गिरोह ने क्षेत्र में कई वारदातों को अंजाम दिया है। गिरफ्तार चोरों में मड़ियांव का रहने वाला गैंग लीडर हर्ष पांडेय उसका साथी सुमित श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, इंदिरानगर निवासी राजा गुप्ता और कृष्णानगर निवासी कृष्णा गुप्ता है। सभी को शनिवार देर रात सीसी फुटेज के आधार पर यादव चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरोह ने 16 जुलाई की हरिओम नगर में रहने वाली मीना सिंह के बंद घर का ताला तोड़कर जेवर, नकदी, लैपटॉप और आईपैड समेत अन्य माल पार किया था। गिरोह का सरगना हर्ष पांडेय बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। वह पार्ट टाइम स्मार्ट मीटर लगाने का काम करता है। कृष्णा गुप्ता दसवीं का छात्र है, मूल रूप से बहराइच के नानपारा का निवासी। इसके अलावा सीतापुर सिधौली का सुमित श्रीवास्तव चाय बेचने का काम करता है। अभिषेक तिवारी फ्लिपकार्ट में डिलीवरी ब्वॉय है मूल रूप से बहराइच के नानपारा निवासी राजा गुप्ता रैपिडो चालक है। गिरोह के पास से जेवर, लैपटॉप, आईपैड और अन्य माल बरामद किया गया है।

# रहीमाबाद पुलिस ने बिछड़े व्यक्ति को परिवार से मिलाया लौटाई खुशियां

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद पुलिस ने एक बार फिर अपनी संवेदनशील कार्यशैली और मानवीय सोच का परिचय देते हुए सड़क किनारे भटक रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को उसके परिजनों से मिलाकर मानवता की मिसाल पेश की। करीब दस दिनों से परिवार से बिछड़ा व्यक्ति पुलिस की सतर्कता, धैर्य और सूझबूझ के चलते सकुशल अपने घर पहुंच सका। इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने रहीमाबाद पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उसकी प्रशंसा की।

रविवार को रहीमाबाद पुलिस को सूचना मिली कि लखनऊ हरदोई हाईवे के किनारे रसूलाबाद गांव में एक अज्ञात व्यक्ति सड़क किनारे काफी देर से भटक रहा है, जिसकी मानसिक स्थिति सामान्य प्रतीत नहीं हो रही है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक करन सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक उससे बातचीत कर उसकी पहचान जानने का प्रयास किया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद व्यक्ति ने अपना नाम ओमप्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम बैजलहा, थाना गोपालपुर, जनपद गोपालगंज प्रदेश (बिहार) बताया। उसने पुलिस को अपने घर का एक मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया। पुलिस ने तत्काल उस नंबर पर संपर्क किया तो अंजनी देवी ने बताया कि ओमप्रकाश उनके पति हैं और चंडीगढ़ में नौकरी करते हैं। वह करीब दस दिनों से परिवार के संपर्क में नहीं थे, जिसके कारण परिजन काफी परेशान थे और लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। सूचना मिलते ही ओमप्रकाश मिश्रा के भतीजे शशिभूषण मिश्रा तत्काल रहीमाबाद थाने पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक सत्यापन और पहचान की सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ओमप्रकाश को सकुशल उनके भतीजे के सुपुर्द कर दिया। अपने परिजन को सुरक्षित पाकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिजनों ने रहीमाबाद पुलिस के आभार व्यक्त कर जमकर प्रशंसा की।

# बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने, हजारों रुपए की नगदी और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने दो अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के ओमैक्स सिटी निवासी अविरल सिंह एक सीमेंट कंपनी में काम करते हैं और परिवार सहित ज्यादातर हजरतगंज क्षेत्र में रहते हैं। जबकि उनका ओमेक्स सिटी वाला घर बंद रहता है। अविरल सिंह की पत्नी गर्विता सिंह के मुताबिक शनिवार रात उनके ओमेक्स सिटी वाले घर में ताला बंद था और वह परिवार सहित हजरतगंज वाले घर में थी। तभी रात में घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए मोबाइल पर मैसेज मिलने के बाद घटना की जानकारी हुई। इसके बाद जब ओमेक्स सिटी वाले घर में जाकर देखा गया, तो घर के ताले टूटे होने के साथ अंदर कमरों और अलमारी के भी ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर रखे लाखों रुपए कीमत के गहने, 50 हजार रुपये की नगदी, एक सीबो कंपनी और एक टाइटन कंपनी की घड़ी आदि सामान गायब मिला। चोर यूनियन बैंक की साउथ सिटी शाखा स्थित लॉकर संख्या-56 की चाबी भी घड़ी के डिब्बे सहित उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर जब सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो रात एक 56 बजे दो अज्ञात चोर घर के अंदर घुसकर चोरी करते नजर आए। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। फिलहाल पीड़िता गर्विता सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

# ब्लॉक प्रमुखों का कार्यकाल खत्म ब्लाक प्रमुख बनाए गए प्रशासक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पूरे उत्तर प्रदेश के सभी ब्लॉक प्रमुखों का पांच वर्षीय कार्यकाल 19 जुलाई को समाप्त हो गया !इसके साथ ही प्रदेश की सभी क्षेत्र पंचायतों का निर्वाचित कार्यकाल भी खत्म हो गया !कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार नई क्षेत्र पंचायतों के गठन और ब्लॉक प्रमुखों के चुनाव तक मौजूदा 826 ब्लॉक प्रमुखों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। रविवार को इसका आदेश जारी हो गया है। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में शासन स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रशासक नियुक्त किए जाने से क्षेत्र पंचायतों में विकास कार्यों, वित्तीय स्वीकृतियों और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जिससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया गया ! उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पहली बार इतिहास में ब्लॉक प्रमुख का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रशासक नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया है, अब प्रधानों और जिला पंचायत अध्यक्षों के बाद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने ब्लॉक प्रमुखों को प्रशासक के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दे दी है।

## निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख बने प्रशासक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाने के कारण प्रदेश सरकार ने निवर्तमान ब्लॉक प्रमुखों को ही संबंधित क्षेत्र पंचायतों का प्रशासक नियुक्त कर दिया है। रविवार को ब्लॉक प्रमुखों का पांच वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पंचायती राज विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया। प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनिल कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुखों को क्षेत्र पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2026 के बाद गठित होने वाली नई क्षेत्र पंचायत की पहली बैठक या अधिकतम छह माह तक, जो भी पहले हो, के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया है।

# 23 साल बाद प्रगतिशील इंटर कॉलेज में जुटे पूर्व छात्र

## तहरी भोज के साथ ताजा हुईं पुरानी यादें

अमन लेखनी समाचार



कॉलेज में मौजूद पुराने छात्र

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के नई बस्ती धनेवा स्थित प्रगतिशील इंटर कॉलेज में रविवार को पूर्व छात्रों का मिलन समारोह एवं तहरी भोज कार्यक्रम बड़े ही आत्मीय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 23 वर्ष पूर्व इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके दर्जनों पूर्व छात्र एक बार फिर अपने पुराने शिक्षण संस्थान पहुंचे। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी ने छात्र जीवन की यादें साझा कीं और विद्यालय से जुड़े पुराने संस्मरणों को ताजा किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्व. पूर्व प्रधान एवं प्रबंधक स्व. बराती लाल मौर्य को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उपस्थित पूर्व छात्रों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत माना और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य किया। उनके द्वारा छात्रों के हित में किए गए प्रयासों और दिए गए मार्गदर्शन को आज भी लोग प्रेरणा के रूप में याद करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्रों ने विद्यालय के विकास और भविष्य में ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने पर भी चर्चा की। तहरी भोज के माध्यम से आपसी भाईचारे और स्नेह का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय सिंह 'लल्ला' मौर्य, पवन कुमार, नीरज मौर्य, सराफत अली, नीरज गौतम सहित अनेक पूर्व छात्र एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्रिक क्लिन एक्सपो में शामिल होने गोसाईगंज पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। ब्रिक क्लिन एक्सपो में शामिल होने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक रविवार को गोसाईगंज पहुंचे। लखनऊ सीतापुर तथा बाराबंकी संगठन के साझा प्रयासों से लखनऊ सुल्तानपुर रोड स्थित यूपी 32 ढाबा पर आज ब्रिक क्लिन एक्सपो का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि वह भट्ठा व्यवसाय से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए कृत संकल्प हैं। ठेठ देहाती गांव की भाषा में बातचीत कर बृजेश पाठक ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा जो भी मांग पत्र उन्हें देंगे शीघ्र ही उनकी मांगों के संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष प्रेम कृपलानी, लखनऊ महामंत्री शेषमणि तिवारी, सीतापुर महामंत्री शैलेश जावरानी, बाराबंकी महामंत्री चरण दास आहूजा के साथ गोसाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, साबिर भाई, मंटू त्रिपाठी, दीपचंद वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गोसाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा ने समर्थकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर डिप्टी सीएम की अगवानी व स्वागत किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के लगभग 35 जनपदों तथा देश के कई अन्य राज्यों सहित नेपाल के ईंट भट्ठा मालिकों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न कंपनियों ने एक्सपो में अपने स्टाल लगाया और अपने उत्पाद के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की। यह पहला मौका था जब गोसाईगंज में भट्ठा व्यापारियों ने इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया। व्यापारियों ने एक बड़ी समस्या दोहराई कि ईंट की लागत तो बढ़ती जा रही है लेकिन कीमत नहीं बढ़ रही इससे नुक्सान होता है।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से ग्रामीण यूपी को नयी रफ्तार

## 56 जिलों में 215 बसों का संचालन शुरू

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना तेजी से धरातल पर उतर रही है। मार्च 2026 में कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद महज चार महीने से भी कम समय में प्रदेश के 75 में से 56 जिलों में ग्रामीण मार्गों पर 215 मिनी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराते हुए गांवों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालयों से जोड़ना है।

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत उन गांवों और मार्गों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां अब तक नियमित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को आसान बनाने के साथ-साथ निजी बस संचालकों को भी परिवहन व्यवस्था में भागीदारी का अवसर दिया जा रहा है। परिवहन विभाग के अनुसार योजना के लिए अब तक 1,012 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 858 आवेदनों का चयन किया जा चुका है। वर्तमान में 56 जिलों में 215 मिनी बसें संचालित हो रही हैं और चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों में भी सेवा का विस्तार किया जा रहा है।

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रयागराज में सर्वाधिक 43 बसों का संचालन शुरू हुआ है। इसके अलावा मुजफ्फरनगर में 27, झांसी में 19, मथुरा में 18, जौनपुर में 7, हापुड़ में 6, बांदा और एटा में 5-5, मऊ और जालौन में 4-4 तथा बलिया में 3 बसें संचालित की जा रही हैं। अन्य जिलों में भी बसों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। यह योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर रही है।

मिनी बसों के संचालन में स्थानीय स्तर पर ड्राइवर, कंडक्टर और अन्य कर्मियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता वाली डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मिनी बसों का संचालन किया जाएगा। बसों की आयु, मॉडल और संचालन संबंधी मानकों को भी निर्धारित किया गया है। एनसीआर क्षेत्र में केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों को संचालन की अनुमति दी जाएगी। सरकार ने योजना को सरल और प्रभावी बनाने के लिए बस संचालन हेतु परमिट लेने की अनिवार्यता से भी छूट प्रदान की है। आवेदकों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया जा रहा है, जबकि योजना की निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी क्षेत्रीय प्रबंधकों को सौंपी गई है। प्रदेश सरकार का दावा है कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के माध्यम से जल्द ही प्रदेश के अंतिम गांव तक सार्वजनिक परिवहन सुविधा पहुंचाकर ग्रामीण कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाएगा।

# ओबीसी बेटियों को मिला शादी अनुदान का लाभ

## प्रति बेटी 20 हजार रुपये की मिलती है सहायता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना बेटियों के विवाह में बड़ी आर्थिक राहत बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरूआत के महज कुछ महीनों में ही इस योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त होने के साथ ही अब तक 14 हजार से अधिक पात्र बेटियों को योजना का लाभ भी मिल चुका है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की योजनाएं तेजी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और जरूरतमंद परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

- दिव्यांग, विधवा और भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता

वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 82 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से पात्र पाए गए 14,717 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इसके लिए 29.43 करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा गया है। पारदर्शी भुगतान व्यवस्था के कारण लाभार्थियों को बिना किसी बिचौलिए के समय पर सहायता मिल रही है। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 लाख 5 हजार पात्र आवेदकों को शादी अनुदान योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पूरी राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है। इसके अलावा विवाह के समय लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन प्रक्रिया में दिव्यांग, विधवा, दैवीय आपदा से प्रभावित तथा भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है। पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि शादी अनुदान योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। मात्र कुछ महीनों में ही 82 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। जिसमें पात्र आवेदकों को लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में महत्वपूर्ण सहयोग दे रही है।

## उद्यमी मित्र योजना के लिए 25 पदों पर हुई भर्ती परीक्षा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के तहत 25 अतिरिक्त उद्यमी मित्रों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन रविवार को हुआ। यह परीक्षा जानकीपुरम स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सहयोग से संपन्न हुई। मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना की भर्ती परीक्षा में 752 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए, जिनमें से 438 शामिल हुए। ओएमआर आधारित 90 मिनट की परीक्षा में 75 बहुविकल्पीय प्रश्न (300 अंक) पूछे गए, प्रत्येक गलत उत्तर पर एक अंक के नकारात्मक अंकन का प्रावधान रहा। अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कंप्यूटर कौशल एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आधारभूत जानकारी (40 प्रश्न), तार्किक क्षमता (20 प्रश्न) तथा उत्तर प्रदेश की औद्योगिक एवं निवेश नीतियों (15 प्रश्न) के आधार पर किया गया।

## लोकतंत्र और पंचायती राज व्यवस्था का मजाक : सुनील सिंह

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 826 ब्लॉक प्रमुखों को प्रशासक बनाये जाने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय लोकतंत्र और पंचायती राज व्यवस्था का मजाक है। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायत चुनाव कराने से डर रही है। उसे भय है कि यदि समय पर चुनाव हुए तो जनता उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। इसी डर के कारण सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को टालते हुए प्रधानों, जिला पंचायत अध्यक्षों और अब 826 ब्लॉक प्रमुखों को प्रशासक बनाकर केवल राजनीतिक लॉलीपॉप देने का काम कर रही है। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को वास्तविक अधिकार देने के बजाय उन्हें प्रशासक बनाकर उनकी गरिमा और अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। यह सम्मान नहीं, बल्कि जनादेश का अपमान है।

## भाग्यश्री ने साई हांडा बैंगल्स का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** राजधानी के राम नगर, आलमबाग में वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड साई हांडा बैंगल्स के नए शोरूम का रविवार को शुभारंभ हुआ। बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने फीता काटकर नए शोरूम का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर अभिनेत्री भाग्यश्री ने शोरूम में उपलब्ध वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी और बैंगल्स के डिजाइनों एवं फिनिशिंग की सराहना की। सनी हांडा ने कहा कि लखनऊ कंपनी की विस्तार योजना का महत्वपूर्ण केंद्र है। कंपनी की निदेशक काजल देव ने कहा कि मौजूदा समय में सोने की बढ़ती कीमतों को देखते हुए वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी आम महिलाओं और दुल्हनों के लिए किफायती विकल्प बन रही है।

## पीजीआई में पहला कार्डियोथोरेसिक इमेजिंग मास्टरक्लास शुरू

- देश के टॉप 16 विशेषज्ञ एक मंच पर रेडियोलॉजी शिक्षा को मिली नई दिशा

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के रेडियोडायग्नोसिस विभाग ने 17 जुलाई 2026 को ह्याएसजीपीजीआई रेडियोलॉजी कोर्सेज पहल का शुभारंभ किया। इस श्रृंखला का पहला मॉड्यूल कार्डियोथोरेसिक इमेजिंग मास्टरक्लास उत्तर प्रदेश का पहला व्यापक और हैंड्स-ऑन कार्डियोथोरेसिक इमेजिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम बना। इस तीन दिवसीय मास्टरक्लास की परिकल्पना विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अर्चना गुप्ता और एसजीपीजीआई रेडियोलॉजी कोर्सेज की संस्थापक के नेतृत्व में हुई। कोर्स सेक्रेटरी डॉ. अनुराधा सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मास्टरक्लास में एम्स नई दिल्ली, टाटा मेमोरियल मुंबई, यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट अहमदाबाद, बीएचयू, आरएमएलआईएमएस, मैक्स लखनऊ, टेलीरेडियोलॉजी सॉल्यूशंस और एसजीपीजीआई सहित देश के प्रमुख संस्थानों के 16 राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कार्डियोथोरेसिक इमेजिंग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# हर परिषदीय विद्यालय में लगेंगे निपुण लक्ष्य पोस्टर

## 31 जुलाई तक प्रदर्शन के निर्देश, बालवाटिका से कक्षा-5 तक तय हुए अधिगम लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों में लक्ष्य आधारित शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने निपुण भारत मिशन के तहत बड़ा कदम उठाया है। विभाग द्वारा 31 जुलाई तक प्रत्येक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय की सभी कक्षाओं में संबंधित कक्षा के निपुण लक्ष्य पोस्टर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी बीआरसी, बीएसए कार्यालय और डायट में भी इनका प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य बालवाटिका से कक्षा-5 तक प्रत्येक विद्यार्थी के लिए तय अधिगम लक्ष्यों को विद्यालय की दैनिक शिक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बनाना है।

निपुण लक्ष्य पोस्टर के प्रदर्शन को निरीक्षण व्यवस्था से भी जोड़ा गया है। सपोर्टिव सुपरविजन ऐप और निरीक्षण ऐप में पोस्टर प्रदर्शन से संबंधित प्रश्न शामिल किए जा रहे हैं। इसके साथ ही निपुण संकल्प कार्यशालाओं तथा सभी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निपुण लक्ष्यों पर गहन चर्चा होगी। शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों को भी इन लक्ष्यों के प्रति लगातार जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर पोस्टर का प्रदर्शन टीएलएम अनुदान से कराया जाएगा।

निपुण लक्ष्य चार्ट में बालवाटिका से कक्षा-5 तक प्रत्येक कक्षा के लिए विषयवार अधिगम परिणाम निर्धारित किए गए हैं। बालवाटिका में बच्चों के लिए दो से तीन अक्षर वाले सरल शब्द पढ़ने, अपना नाम पहचानने और लिखने तथा एक अंकीय संख्याओं की पहचान जैसे लक्ष्य तय किए गए हैं। कक्षा-1 और 2 में छोटे वाक्य पढ़ने-लिखने, गिनती, जोड़-घटाव और दैनिक जीवन में मुद्रा के उपयोग जैसी दक्षताओं पर जोर दिया गया है। वहीं कक्षा-3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी में अज्ञात गद्यांश को समझकर पढ़ना और उससे संबंधित कम से कम 75 प्रतिशत प्रश्नों के सही उत्तर देना, स्वतंत्र लेखन, गणित में गुणा, भाग, भिन्न, ज्यामितीय आकृतियों की समझ, पर्यावरण अध्ययन से जुड़ी व्यावहारिक अवधारणाओं तथा अंग्रेजी में समझ के साथ पढ़ने और लिखने के स्पष्ट अधिगम लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। विभाग का मानना है कि इन मानकों के आधार पर शिक्षक प्रत्येक बच्चे की सीखने की प्रगति का आकलन कर सकेंगे और आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग भी दे सकेंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि निपुण लक्ष्य केवल पोस्टर नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के अधिगम की दिशा तय करने वाले स्पष्ट मानक हैं। इन लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षण होने से शिक्षक बच्चों की सीखने की प्रगति का बेहतर आकलन कर सकेंगे और आवश्यकतानुसार शैक्षणिक सहयोग भी दे पाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 31 जुलाई तक प्रत्येक विद्यालय में निपुण लक्ष्य पोस्टर का प्रदर्शन सुनिश्चित कराया जाए तथा प्रशिक्षण, कक्षा शिक्षण और निरीक्षण के प्रत्येक स्तर पर इनका प्रभावी उपयोग भी सुनिश्चित किया जाए।

# जदयू में शामिल हुए आशीष कुमार, बने प्रदेश महासचिव

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश ने संगठन विस्तार अभियान को गति देते हुए रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता, भारत रक्षा दल के संरक्षक एवं किसान यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आशीष कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने उन्हें पार्टी का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। 18 जुलाई को लखनऊ में संपन्न हुई जनता दल (यूनाइटेड) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद पार्टी ने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आशीष कुमार का पार्टी में शामिल होना संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आशीष कुमार अपने लंबे सामाजिक एवं संगठनात्मक अनुभव का लाभ पार्टी को देंगे तथा जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



के विचारों, नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हरिशंकर पटेल, प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक तथा जदयू लखनऊ के जिलाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने आशीष कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में आने से विशेष रूप से लखनऊ मंडल में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर झूलकर युवती ने की आत्महत्या

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत पारिवारिक अनबन के कारण एक युवती ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गाँव पकरा बुजुर्ग निवासिनी मानसी पुत्री मन्नीलाल 20 वर्ष ने रविवार शुबह अपने घर की छत पर बने कमरे मे दुपट्टे के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली परिजनों ने जब यह दृश्य देखा आवाक रह गए। पुलिस को सूचना दिए जाने पर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। दिवंगत मानसी स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर बीएड परीक्षा की कांसिलिंग करवा चुकी थी। तीन बहनों महिमा , नेहा मे सबसे छोटी थी । दो बड़ी बहनो की शादी हो गई है ।माता मीरा देवी का रो रो कर बेहाल है ।

### आठ घंटे विद्युत आपूर्ति हुई ठप, उपभोक्ता परेशान

सुमेरपुर, उन्नाव।एनएच 31 पर पाटन अंडरपास के समीप एक बिल्डिंग को ढहाने के दौरान पीएनसी कंपनी और बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कंपनी ने बिल्डिंग के पास से गुजर रहे हाईटेंशन तार के कारण बिजली विभाग से केवल 3 घंटे की कटौती की अनुमति ली थी।हालांकि, शनिवार को 8 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही और शाम 5:27 बजे ही बहाल हो सकी।सुबह से बिजली गुल रहने के कारण पाटन मार्केट पूरी तरह से बाधित रहा। भीषण गर्मी में घरों के इनवर्टर भी काम करना बंद कर गए, जिससे लोगों को पीने के पानी के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा।स्थानीय रेलवे स्टेशन और होटलों में भी कामकाज ठप रहा, जिससे यात्रियों और व्यापारियों को भारी असुविधा हुई।स्थानीय लोगों ने पीएनसी कंपनी पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है।उनका कहना है कि तीन मंजिला इमारत को बिना किसी सुरक्षा उपकरण या विशेषज्ञता के, गैर-जिम्मेदाराना तरीके से मजदूरों द्वारा हथौड़े से ढहाया जा रहा है। लोगों ने चिंता व्यक्त की कि इस धीमी गति से काम चलने पर एक सप्ताह तक का समय लग सकता है, जिससे बिजली कटौती की समस्या बनी रह सकती है।

### छात्रा के साथ शोहदे ने की अश्लीलता, मुकदमा दर्ज

बीघापुर उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी छात्रा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मेरे ही गांव निवासी नितिन पुत्र पुत्तन जबरदस्ती मोबाइल से जबरन बात करने के लिए दबाव बनाता है और जबरन शादी करने को कहता हैं जब मैं स्कूल से अपने घर वापस जा रही थी तो उसने रास्ते में मेरे साथ गाली गलौज किया मना करने पर मारा पीटा और कहने लगा मुझसे शादी नहीं करोगी तो मैं तुझे जान से मार दूंगा तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया

# पुलिस परिवारों के लिए सौगात, एसएसपी ने पुलिस लाइन में किया 'चिल्ड्रेन पार्क' का उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पुलिस महकमे के परिवारों और उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) उन्नाव,जय प्रकाश सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में नव निर्मित 'चिल्ड्रेन पार्क' का विधिवत उद्घाटन किया।



### बच्चों के चहुंमुखी विकास पर जोर

उद्घाटन के दौरान एसएसपी ने कहा कि पुलिस बल के जवान दिन-रात कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और जनसेवा में जुटे रहते हैं। ऐसे व्यस्ततम जीवन में उनके परिवार और बच्चों को एक सुरक्षित, मनोरंजक और सकारात्मक वातावरण प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पार्क न केवल बच्चों के मनोरंजन का केंद्र बनेगा, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।

### हर्षोल्लास से भरा रहा माहौल

इस अवसर पर एसएसपी ने पार्क में मौजूद पुलिसकर्मियों के बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों को पुष्टाहार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पार्क के झूलों और अन्य खेल उपकरणों का आनंद लेते हुए बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा।

### वरिष्ठ अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में पुलिस परिवार की खुशियों के साक्षी बनने के लिए जिले के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी हसनगंज तेज बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ हर्ष मोदी और क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# एसएसपी की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा पुलिस कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के दौरान सभी थानों में दर्ज अभियोगों की समीक्षा की गई और गंभीर मामलों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर जल्द चार्जशीट दाखिल करने पर जोर दिया गया।एसएसपी ने महिला अपराधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने दुष्कर्म, पॉक्सोएक्ट और महिलाओं से जुड़े अन्य मामलों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। साथ ही, अभियोजन पक्ष को मजबूत बनाकर दोषियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में शातिर और अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्रवाई करने तथा माफियाओं और संगठित अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट एवं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए।एसएसपी ने अवैध शराब, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थों की तस्करी और जुए के खिलाफ लगातार अभियान चलाने पर जोर दिया। चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से जनशिकायतों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आवेदकों से स्वयं संपर्क कर फीडबैक लेने और शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने, राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि विवादों की निगरानी करने तथा पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक साइकिल पंचर लगाने वाले व्यक्ति का पेड़ के सहारे फंदे से लटकता हुआ शव देखा गया ।घटना की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है ।घटना को लेकर ग्रामीणों में चचाओं का दौर जारी है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव बेहटा कच्छ निवासी 40 वर्षीय कमलेश पुत्र शम्भू का रविवार की सुबह गांव के बाहर एक पेड़ पर फंदे से शव लटकता हुआ देखा गया जिसकी सूचना से तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा परिजनों में कोहराम मच गया हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया गया ।मृतक की पत्नी का पूर्व में देहांत हो चुका है जबकि उसके दो पुत्र अभी नाबालिग है वह गांव में ही साइकिल पंचर लगाने आदि का कार्य कर गुजर बसर कर रहा था ।कुछ प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा उसके गले के पास कुछ चोट के निशान देखे जाने की बात कहते हुए घटना पर संशय जताया जा रहा है ।मृतक तीन भाइयों में मझला था जो गांव में रहता था जबकि उसके दो अन्य भाई दिल्ली में रहते है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद पांडेय ने बताया है आत्महत्या की सूचना पर शव पोस्टमार्टम भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। बांगरमऊ कस्बे के हरियाली बाजार के सामने इतवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।तेज रफ्तार बस की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल बाइक सवार युवक भिखारीपुर रूल क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी।बताया जा रहा है कि बाइक सवार बांगरमऊ की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एंबुलेंस पहुंची।एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक सहायता देने के बाद घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांगरमऊ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया।उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है ।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी जुटाने के साथ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।पुलिस बस और चालक के संबंध में जांच कर रही है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि हरियाली यह बाजार के सामने सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित बनाने तथा तेज गति से चलने वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है ।समाचार लिखे जाने तक घायल व्यक्ति के नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी। पुलिस उसकी पहचान कराने और घटना की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हादसा**

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव।हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम रघुरामपुर पुलिया के समीप रविवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनाक्रम के अनुसार हरदोई जिले के थाना पाली अंतर्गत ग्राम कौशिया निवासी सोनू (30 वर्ष) पुत्र शंभू दयाल बोरिंग का काम करता था। बीते शनिवार की रात वह कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम दुल्ला पुरवा स्थित अपनी ससुराल में रुका हुआ था। वह आज रविवार को अपनी ससुराल से बाइक द्वारा बोरिंग का काम करने के लिए हरदोई जिले के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम मटियामऊ जाने के लिए निकला था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर ग्राम रघुरामपुर पुलिया के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की जेब से मिले प्रपत्रों के आधार पर शिनाख्त कर मृतक के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी। सोनू की मौत की खबर मिलते ही परिजनो में चीख-पुकार मच गई।मृतक अपने पीछे पत्नी राधा और दो बच्चे ऋषभ व रीता को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# बाड़े में बंद भेड़ों को आवारा कुत्तों ने नोचा, पांच दर्जन की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपाल गंज में शुक्रवार की रात खूंखार आवारा कुत्तों के झुंड ने किसी तरह घुसकर बाड़े में बंद करीब सात दर्जन कीमती भेड़ों को नोच डाला।कुत्तों के हमले से करीब पांच दर्जन भेड़ों की मौत हो गई। जबकि करीब डेढ़ दर्जन भेड़ें गंभीर घायल हुई हैं। घटना को लेकर पशुपालक और उसके परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। ग्राम हरियावर के मजरा गोपाल गंज निवासी भोला पाल के बेटे मंशाराम, नेकराम व जगन्नाथ तीनों भाई भेड़ों का पालन कर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।परिवार की करीब एक सैकड़ा भेड़ें रात के समय गांव के निकट स्थित बाड़े में बंद रहती हैं। जबकि पूरा परिवार पुराने घर में रहता है। बीते शुक्रवार की रात अचानक आधा दर्जन से अधिक खूंखार आवारा कुत्तों के झुंड ने बाड़े में घुसकर भेड़ों पर हमला कर दिया।हमले से करीब पांच दर्जन भेड़ों की दम घुटने अथवा घायल होने के चलते मौत हो गई।जबकि डेढ़ दर्जन भेड़ें गंभीर घायल हो गई। पशुपालकों को घटना की जानकारी शनिवार को तड़के बाड़ा पहुंचने पर हो सकी। पशुपालकों के अनुसार कुत्तों के भेड़ों पर हमले से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है और उनका कमाई का सहारा छिन गया है। पशुपालकों ने घटना की जांच कर सरकार से उचित मुआवजा दिलाने तथा आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग उठाई है।

# पति-पत्नी के 21 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल में विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया।तदोपरान्त महिला थाना से 05, थाना गंगाघाट से 04 थाना कोतवाली सदर, थाना पुरवा से 03-03 थाना फतेहपुर चौरासी,थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना आसीवन, थाना बारासगवर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।उपरोक्त पुनीत कार्य में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर चन्द्रकांत, प्रभारी निरीक्षक थाना गंगाघाट अजय कुमार सिंह, डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में उप निरीक्षक मीना कुमारी उपासना पाठक, नैंसी, दुर्गेश, शिखा करिश्मा, शैलजा, सोनम मीनू, ह्व सेविका, दीपा, स्वाती यादव, बबली, शीलू पाल, पूजा चौधरी, हिमांशी, प्रेमलता तथा आरक्षी मानवेन्द्र का विशेष योगदान रहा।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।असोहा थाना क्षेत्र के दाऊ खेडा निवासी महेशरावत का 22 वर्षीय पुत्र ओमकार रावत ने राधानगरी दऊ के बीच निकली हाईटेंशन लाइन के खम्बे में रस्सी के सहारे लटक कर जान दे दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमकार चार दिन पूर्व घर से अपनी चचेरी बहन अनिता जो क्षेत्र के ही दऊ में ब्याही है उनके यहां घूमने जाने को कह के निकला था , म्रतक की बहन के घरवालों के अनुसार शनिवार को ।दोपहर दो बजे के लगभग घूमने जा रहा हु कह कर निकला था और देर रात तक नही आया घरवालों ने रात को खोजा परन्तु ओमकार का पता नही चल सका , सुबह लगभग छह बजे बड़ी बहन रोशनी जो बगल के गांव दरसँवा में ब्याही है उनके खेत के बगल से निकली हाई टेंशन की लाइन के खम्बे में रस्सी के सहारे ओमकार का शव लटका मिला , ओमकार को लटका देख रोशनी के परिजनों ने ओमकार के पिता को सूचना देते हुए पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने फारेंसिग टीम के साथ मिल शव को खम्बे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।इससे पूर्व उन्नाव से आई फोरेंसिंग टीम ने शव की गहनता से जांच पड़ताल की ।म्रतक ओमकार यही घर पर रह कर ऑटो चलाकर जीवकोपार्जन करता था , म्रतक के पिता महेश लुधियाना में मजदूरी करते है ।म्रतक चार भाइयो मोहित , रोहित ,आदर्श दो बहनें रूबी , रीना में सबसे बड़ा था ।माँ सहित परिजनों का रो रो बुरा हाल है ।थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है , आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट व प्रार्थना पत्र के आधार पर की जाएगी ।

# भगवान श्रीजगन्नाथ की छठी महोत्सव का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। शुक्लागंज स्थित आवा क्वान्टिनेंटल में रविवार दोपहर भगवान श्रीजगन्नाथ का छठी महोत्सव मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने भगवान जगन्नाथ का पूजन-अर्चन किया और महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए ।छठी महोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में भक्तों ने कतार में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संभालीं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की छठी का यह आयोजन समाज में धार्मिक आस्था, एकता और सेवा भाव को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में रथ यात्रा प्रभारी राजेश गुप्ता (गोल्डी), जगन्नाथ यात्रा समिति युवा मंडल के संयोजक दिलीप शुक्ला, समिति के संयोजक नीलकमल दीक्षित, खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक अवधेश बाजपेई, मनमोहन दीक्षित, नितिन दीक्षित, शिवम मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, अनूप साहू सहित समिति के कई पदाधिकारी, सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। देर शाम तक श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। कार्यक्रम के सफल समापन पर समिति ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस




**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रसूलपुर मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पहचान राकेश (27) पुत्र छोटेलाल कोरी, निवासी ग्राम चमरौली, थाना अजगैन, जनपद उन्नाव के रूप में हुई।बताया गया कि उनकी ससुराल सोहरामऊ क्षेत्र के आशाखेड़ा गांव में है। हादसे के समय उनकी पत्नी रूपा देवी आशाखेड़ा स्थित मायके में थीं। परिजनों के अनुसार, राकेश अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं।हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।थाना सोहरामऊ के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द पांडेय ने बताया कि पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# नहर में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव, शिनाख्त नहीं

**अमन लेखनी समाचार**

औरास, उन्नाव। अज्ञात महिला का शव शारदा नहर में उतराता हुआ देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पानी से निकलवा कर शिनाख्त कराने की कोशिश की । लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नही हो पा आई है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

औरास थाना क्षेत्र के शिवाला बछौली गाँव के बीच से निकली शारदा नहर में रविवार सुबह एक लगभग 30 से 35 वर्षीय विवाहित अज्ञात महिला का शव नहर में उतराता हुआ देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पानी से निकलवा कर शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नही हो पाई है महिला जीन्स टॉप हाथ मे चूड़ी पैरो में बिछिया व चप्पल पहने हुई थी।शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया शव की अभी तक शिनाख्त नही हो पाई है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।



## सम्पादकीय

# रथयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

**अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30 .43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।**

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक ( एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता ( एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता ( सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।



मानसून

योगेश कुमार सोनी

# महानगरों में जल-भराव के लिए बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई । राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है। यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना लीं। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित

दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

# हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित

प्रेरणा

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*-शरद जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

**-शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी



झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

**-बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू

अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग (यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है



## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया



## संक्षेप

### 4 नए उप जिलाधिकारियों की तैनाती

**डॉ. अरुणिमा तिलोई, दिशा श्रीवास्तव गौरीगंज की एसडीएम नियुक्त**

अमेठी , हाल ही में स्थानांतरित होकर आए चार नए उप जिलाधिकारियों को तैनाती दे दी गई है।जिलाधिकारी संजय चौहान ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।इनमें दो अधिकारियों को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) और दो को डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार, नवागत उप जिलाधिकारी डॉ. अरुणिमा श्रीवास्तव को तिलोई तहसील का एसडीएम बनाया गया है। वहीं, नवागत डिप्टी कलेक्टर दिशा श्रीवास्तव को जिला मुख्यालय गौरीगंज का एसडीएम नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, नवागत एसडीएम अभिनीत कुमार और राम शंकर को डिप्टी कलेक्टर के पद पर तैनात किया गया है। इन दोनों अधिकारियों को कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर पदस्थापना मिली है।अभिनीत कुमार और राम शंकर जिलाधिकारी कार्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों और राजस्व संबंधी प्रकरणों का निपटारा करेंगे। इन नई नियुक्तियों से जिले के प्रशासनिक कामकाज को सुचारू बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने सभी नवागत अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें और शासन की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। इन नई तैनातियों के बाद जिले के प्रशासनिक ढांचे को मजबूती मिलने की बात कही जा रही है, जिससे प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

### जर्जर बिजली तार गिरा, भैंस-गाय की मौत

**चलती लाइन की चपेट में आने से हादसा**

अमेठी , मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पूरे भगवान दीन गांव में बिजली का तार टूटकर गिरने से एक भैंस और एक गाय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और बिजली विभाग ने मामले की जानकारी ली है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राजबहादुर यादव के पशु बिजली लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने मृत पशुओं के लिए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की बिजली लाइनों के रखरखाव की आवश्यकता पर जोर दिया। इस संबंध में मुसाफिरखाना पावर हाउस के जूनियर इंजीनियर (जेई) सुशील तिवारी ने बताया कि विभाग को घटना की पूर्व सूचना नहीं मिली थी।उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिलने के बाद आवश्यक जांच कराई जा रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।साथ ही पीड़ित को विभागीय नियमों के अनुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित क्षेत्र में दो फीडरों से बिजली आपूर्ति होती है, जिसकी भी जांच की जा रही है।पुलिस और बिजली विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी

**ट्रैक किनारे खड़े युवकों ने पत्थर फेंके, मालगाड़ी के जाने के बाद भी डटे रहे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी का मामला सामने आया है। दारागंज के अलोपीबाग के पास रेलवे ट्रैक पर कुछ युवकों ने मालगाड़ी पर पत्थर चलाए। पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद रेलवे में हड़कंप मच गया है।वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मामला शनिवार का बताया जा रहा है, जिसका वीडियो रविवार की सुबह 8 बजे से वायरल है। ट्रैक किनारे खड़े थे कई युवक बताया जा रहा है कि शनिवार को अलोपीबाग के पास रेलवे ट्रैक के किनारे कुछ युवक खड़े थे।इसी दौरान एक मालगाड़ी वहां से गुजरने लगी। जैसे ही ट्रेन उनके सामने पहुंची, युवकों ने उस पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। घटना के दौरान आसपास मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवकों ने मालगाड़ी पर पत्थरबाजी किस वजह से की।वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।घटना का वीडियो सामने आने के बाद रेलवे से शिकायत की गई है। रेलवे सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं और घटना स्थल की भी जानकारी जुटाई जा रही है आरपीएफ इंस्पेक्टर बोले, उनके कार्यक्षेत्र के बाहर का मामला इस संबंध में प्रयागराज आरपीएफ इंस्पेक्टर अमित राणा ने बताया कि जिस स्थान की घटना बताई जा रही है, वह उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता। वहीं, आरपीएफ प्रयाग के इंस्पेक्टर ने बताया कि दारागंज का क्षेत्र एनईआर में आता है, ऐसे में कार्रवाई संबंधित अफसर ही करेंगे। एनईआर के इंस्पेक्टर दयाशंकर यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।यह स्पष्ट नहीं है कि घटनास्थल दारागंज ही है। वीडियो देखकर लोकेशन की जांच कराई जा रही है।उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। डीआरएम को कार्रवाई का आदेश रेलवे से जुड़े सूत्रों के मुताबिक वायरल वीडियो का रेलवे प्रशासन ने संज्ञान लिया है।बताया जा रहा है कि मामले में डीआरएम प्रयागराज को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। अब रेलवे सुरक्षा बल और संबंधित अधिकारी वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी में जुटे हैं।

# प्रयागराज की युवती का अखिलेश ने पोस्ट किया वीडियो

**दिल्ली में सीजेपी प्रोटेस्ट में मास्क लगाकर पहुंची, बोली-बीजेपी नेता की बेटी हूं**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , एक युवती का वीडियो रविवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पोस्ट किया। खुद को बीजेपी नेता की बेटी बताने वाली यह युवती दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रोटेस्ट में चेहरे पर मास्क लगाकर पहुंची थी।वीडियो पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने लिखा, 'भाजपावाले जब अपने बच्चों के ही सगे नहीं हैं तो उनके लिए क्या भगवान और क्या इंसान। ये सबको ठगते हैं। 'धन' ही भाजपा का धर्म है।' 3.20 मिनट के इस वीडियो में एक युवती चेहरा पर मास्क बांधे दिखाई पड़ती है, जो यह कहती है कि वह प्रयागराज से आई है।युवती कहती है, मैं प्रयागराज से भागकर आई हूं, इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए। हमें घर में भी लड़ना पड़ रहा है।ये जो चल रहा है यह गलत है, 21 लोग मर रहे हैं।ये सरकार क्यों सोई हुई है। बोली, समाज-घरवालों से डर है जब उससे पूछा जाता है कि चेहरे पर मास्क क्यों लगाया हुआ है तो वह कहती है कि कोई पहचान न सके, इसलिए उसने मास्क लगाकर रखा है। समाज से डर है, घरवालों से डर है, इसलिए मुंह छिपा कर रखा है। फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि युवती प्रयागराज में कहां की रहने वाली है। उसका खुद का प्रयागराज से होने के दावों में कितनी सच्चाई है, इसकी पुष्टि भी नहीं हो सकी है।हालांकि इस वीडियो को दोपहर 1.30 बजे तक 3.77 लाख व्यू मिल चुके थे।

# सीएमओ ऑफिस में वरिष्ठ सहायक घूस लेते गिरफ्तार

**रिटायर्ड एएनएम की पेंशन फाइल पास करने के लिए मांगे थे 50 हजार**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दोपहर भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है।एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ सहायक संजय मिश्रा को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।संजय मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक सेवानिवृत्त एएनएम निर्मला तिवारी की पेंशन फाइल पास करने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की मांग की थी। यह राशि भेटुआ ब्लॉक में तैनात रहीं निर्मला तिवारी की लंबित पेंशन फाइल को आगे बढ़ाने के लिए मांगी गई थी। सौदे के तहत, पहली किश्त के रूप में 50 हजार रुपये दिए जाने थे। दोपहर करीब 3:30 बजे, सेवानिवृत्त एएनएम के बेटे विशाल तिवारी ने सीएमओ कार्यालय में संजय मिश्रा को यह रकम दी।जैसे ही मिश्रा ने रुपये लिए, पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया।गिरफ्तारी के बाद, टीम आरोपी संजय मिश्रा को पूछताछ और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मुसाफिरखाना थाने ले गई है। इस कार्रवाई से सीएमओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का स्पष्ट संदेश गया है।

# अवैध असलहा तस्करी करते 2 गिरफ्तार

**पिस्टल-तमंचा, कारतूस और स्कॉर्पियो वाहन बरामद, साथियों के साथ मिलकर करते थे व्यापार**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कुड़वार थाना क्षेत्र में शाम 4 बजे हुई इस कार्रवाई के दौरान उनके कब्जे से एक पिस्टल, दो कट्टे, आठ जिंदा कारतूस और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत कुड़वार पुलिस को यह सफलता मिली।मुखबिर की सूचना पर कुड़वार पुलिस टीम ने देवराम का पुरवा मजरा रवनिया पूरब क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक .32 बोर की पिस्टल, दो 12 बोर के कट्टे, .32 बोर के चार और 12 बोर के चार सहित कुल आठ जिंदा कारतूस मिले।इसके अतिरिक्त, एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया।




**आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया**

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त करते हैं। बरामद असलहों को बेचने के उद्देश्य से वे सुलतानपुर शहर जा रहे थे।पुलिस कार्रवाई के दौरान उनके दो साथी कामरान और आकाश मिश्रा मौके से फरार हो गए। कामरान के पास दो .315 बोर के कट्टे और आकाश मिश्रा के पास एक .315 बोर का कट्टा तथा एक बड़ी नाल वाली .315 बोर की अद्धी थी।पुलिस ने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है और उनकी तलाश जारी है।बरामदगी और पूछताछ के आधार पर कुड़वार थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया गया। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी और अन्य विधिक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अंकित यादव (24 वर्ष, निवासी पलिया सरकौड़ा, थाना कुड़वार) और अभिषेक पाण्डेय (23 वर्ष, निवासी सरैया पूरे विसेन, थाना कुड़वार, स्थायी पता- जुड़ूपुर, थाना बंधुआकलां) के रूप में हुई है।

# एक महीने से सड़क किनारे भटक रही महिला

**आधार कार्ड नहीं, इसलिए सरकारी सहायता नहीं**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर है। उसे अब तक कोई सरकारी मदद नहीं मिल पाई है, क्योंकि अधिकारियों के अनुसार उसके पास वैध पहचान पत्र (आधार) नहीं है। यह जानकारी दोपहर 3 बजे सामने आई।लगभग 50 वर्षीय यह महिला जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के रुपिनपुर गांव के पास बिरसिंहपुर-अहदा सड़क मार्ग पर कालीगंज से रुपिनपुर के बीच भटकती रहती है। वह रात में सड़क किनारे झाड़ियों और घास-फूस के बीच सोती है। वह राहगीरों द्वारा दिए गए भोजन पर निर्भर है, हालांकि वह अक्सर कुछ लेने से इनकार कर देती है।प्रशासन से हस्तक्षेप की मांगस्थानीय ग्रामीणों,



जिनमें वैभव सिंह, पवन कुमार और मनोज सिंह शामिल हैं, ने इस मामले में प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कराने, उसकी पहचान सुनिश्चित करने और उसे किसी सरकारी आश्रय गृह में सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों ने उसके परिजनों का पता लगाकर सूचित करने की भी मांग की है।

# पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमेठी में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था अभियुक्त**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी।जगदीशपुर थाना पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित आरोपी उमेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है।यह गिरफ्तारी थाना जगदीशपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 335/25 में वांछित चल रहे अभियुक्त के खिलाफ की गई है। आरोपी उमेश कुमार सिंह (38 वर्ष) पुत्र स्व. कुंवर बहादुर सिंह, मोहम्मदपुर, थाना जगदीशपुर, जनपद अमेठी का निवासी है।पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 324(2) के तहत मामला दर्ज था। उमेश कुमार सिंह इस मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद जगदीशपुर थाना पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर धीरेन्द्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक संजीव कुमार सिंह और कांस्टेबल वीरेन्द्र सरोज शामिल रहे।पुलिस ने बताया कि अपराधियों और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बच्चों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार

**बोले- सड़क बनवा दीजिए, रोज कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़,महुआखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-24 के देवसैनी मोहल्ले में सड़क और नाली नहीं होने से परेशान दो स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर आयुक्त से सड़क बनवाने की अपील की है। भाई-बहन ने कीचड़ और जलभराव से भरी सड़क पर खड़े होकर वीडियो बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।महुआखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-24 के देवसैनी मोहल्ले में शाम करीब तीन बजे दो स्कूली बच्चों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में भाई-बहन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर आयुक्त से सड़क बनवाने की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं।बच्चे वीडियो में कहते हैं, ₹योगी जी और नगर



आयुक्त हमारी सड़क बनवा दीजिए। हमें रोज स्कूल जाते समय कीचड़ से गुजरना पड़ता है। इससे हमारी यूनिफॉर्म गंदी हो जाती है। कई बार स्कूल देर से पहुंचते हैं और यूनिफॉर्म खराब होने पर टीचर डांटते हैं।₹ स्थानीय लोगों के अनुसार, देवसैनी मोहल्ले की यह सड़क तीन से चार कॉलोनियों को जोड़ती है। इसके बावजूद वर्षों से यहां पक्की सड़क और नाली का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है और पूरा रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क और नाली निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।इसका सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर पड़ता है। कीचड़ के कारण फिसलने का खतरा बना रहता है और बच्चों को रोज स्कूल पहुंचने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है बच्चों की यह अपील सोशल मीडिया पर तेजी से साझा की जा रही है।स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि वीडियो के वायरल होने के बाद प्रशासन इस समस्या का संज्ञान लेकर सड़क और नाली निर्माण का काम जल्द शुरू कराएगा।

# पुलिस ने 201 मोबाइल बरामद किए

**चोरी और गुम हुए थे फोन, कीमत 47 लाख रुपए, लोग बोले-वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पुलिस ने चोरी और गुम हुए 201 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।इन मोबाइलों की कुल कीमत 47 लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस ने इन फोनों को उनके मालिकों को सौंप दिया है, जिससे लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई। पुलिस के पास लगातार मोबाइल चोरी होने या गुम हो जाने की शिकायतें आ रही थीं।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, सर्विलांस, एसओजी और साइबर हेल्प डेस्क की टीमों को इन मोबाइलों को बरामद करने का काम सौंपा गया। टीमों ने गुम हुए मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाकर उनकी लोकेशन ट्रेस की और फिर उन्हें बरामद किया।बरामद किए गए 201 मोबाइलों के मालिकों की पहचान की गई और उनसे संपर्क किया गया। इसके बाद, सभी मालिकों को पुलिस लाइन बुलाया गया।इस दौरान एसपी



सिटी देवेंद्र सिंह और मोबाइल बरामद करने वाली टीम के सदस्य मौजूद रहे। मोबाइलों पर लिखे नामों के आधार पर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि जब उनके फोन चोरी हुए या गुम हुए थे, तब उन्हें दोबारा मिलने की उम्मीद नहीं थी और उन्होंने नए फोन खरीद लिए थे।पुलिस से सूचना मिलने पर उन्हें बहुत खुशी हुई और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। एसपी सिटी देवेंद्र सिंह ने बताया कि कुल 201 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 47 लाख रुपये है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, दबंगों ने की पिटाई

**युवती से अभद्रता, बेल्ट से पीटने वाला 1 आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,दिलीपपुर थाना क्षेत्र में प्रेमी-प्रेमिका से मारपीट और युवती से अभद्रता का एक वीडियो सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वीडियो में कुछ युवक एक युवती के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते दिख रहे हैं। वे उसके साथ मौजूद युवक को बेल्ट से पीटते हुए भी नजर आ रहे हैं। पुलिस के अनुसार, यह वीडियो लगभग पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने गांव के पास सरपत के जंगल में पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवक वहां आ धमके और उन्होंने पहले युवती के साथ मारपीट की, उसके कपड़े फाड़े और अभद्रता की।इसके बाद प्रेमी को बेल्ट से बेरहमी से पीटा गया पीड़ित युवती पट्टी क्षेत्र के एक गांव की निवासी बताई जा रही है, जबकि वीडियो में दिख रहे आरोपी दिलीपपुर थाना क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। हालांकि, अपार्ट पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 5 दिन पुराना वीडियो है वीडियो वायरल होने के बाद दिलीपपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज किया एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही।

# नर्श ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**कमरे में फंदे से लटका मिला शव, छोटी बहन के साथ नौकरी करती थी**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़,नर्स का शव फंदे से लटका मिलना।दो बहने शहर के एक निजी अस्पताल में नौकरी करती थी। बड़ी बहन की रात में नौकरी थी।छोटी बहन ड्यूटी गई थी। शाम को अस्पताल से लौटी तो दरवाजा बंद था। काफी देर कोशिश करने के बाद पिछले दरवाजे से प्रवेश किया।कमरे के भीतर बड़ी बहन का शव फंदे से लटका था। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत पहुंची। जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 2027 में नर्श की शादी तय थी।मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के विक्रम चौराहे स्थितिए एक घर का मामला है मृतका की पहचान कोहंडौर थाना क्षेत्र के गहरौली गांव के रहने वाले स्वर्गीय अशोक कुमार की पुत्री लक्ष्मी पटेल (19) के रूप में हुई।वह अपनी छोटी बहन ज्योति पटेल के साथ विक्रम चौराहे के पास पंकज मिश्रा के मकान



में किराए पर रहती थीं।दोनों बहनें जेल रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में नर्स के रूप में कार्यरत थीं। परिजनों के अनुसार, वर्ष 2027 में लक्ष्मी की शादी तय थी और परिवार उसकी तैयारियों में जुटा था।जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6:30 बजे ड्यूटी समाप्त कर छोटी बहन ज्योति कमरे पर लौटीं। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।इसके बाद मकान मालिक की मौजूदगी में कमरे का पिछला दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। कमरे के भीतर लक्ष्मी का शव पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला।ज्योति और अन्य लोगों ने उन्हें तत्काल नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

# संक्षेप

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

### कर्मचारियों पर मानसिक उत्पीड़न और मानदेय समय पर ना मिलने का आरोप लगाया

बागपत, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने शुक्रवार को बागपत कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कर्मचारियों पर मानसिक उत्पीड़न करने, कार्यक्रमों में सम्मान न देने और समय पर मानदेय न मिलने का आरोप लगाया। महिलाओं ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में बुलाया तो जाता है, लेकिन वहां उनका सम्मान नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें अपमानित किया जाता है। उनका यह भी आरोप है कि शिकायतों के समाधान के लिए उन्हें बार-बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। महिलाओं की मुख्य शिकायत यह भी है कि उन्हें उनका मानदेय समय पर नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि मानसिक उत्पीड़न करने वाले और सम्मान न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में महिलाओं ने बागपत के जिलाधिकारी (डीएम) से शिकायत की। जिलाधिकारी ने उन्हें मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। डीएम ने यह भी कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## युवक पर पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला

### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की

बागपत, जनपद के बड़ौत थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया है। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। महावतपुर बावली पट्टी खोबा, थाना बड़ौत निवासी पप्पन कुमार पुत्र रामपाल ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोगों से उनकी पिछले करीब दो वर्षों से कानूनी रंजिश चल रही है। इसी पुरानी दुश्मनी के कारण आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। पीड़ित के अनुसार, यह घटना 14 जुलाई 2026 की रात करीब 10 बजे हुई, जब वह दुकान से सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पप्पन कुमार ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उन पर चाकू से भी हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शिकायतकर्ता का कहना है कि हमलावर उन पर पुराने मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि आरोपियों ने मुकदमा वापस न लेने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पप्पन कुमार ने बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गई थी। अगले दिन पीड़ित ने थाना बड़ौत में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने केवल मेडिकल कराने के बाद उन्हें वापस भेज दिया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक ऑफिस में शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# विद्यालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण, छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। रविवार को विकासखंड बामौर के ग्राम हीरानगर स्थित एकल विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान अहिरवार रहे। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ललित पटेल, मंडल उपाध्यक्ष अवधेश फौजी, धर्मेंद्र सिंह बुंदेला, शैलेन्द्र सिंह यादव, छत्रपाल पाल, अब्बू मुखिया, गब्बर सिंह यादव, रामपाल निषाद सहित विद्यालय परिवार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया मिशन के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

हेमन्त यादव

कचीर (झांसी)। भारतीय खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 19 जुलाई 2026 को ग्राम कचीर स्थित आरोग्य केंद्र पर ³संडे ऑन साइकिल³ अभियान का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर थीम पर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसमुदाय को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना, नियमित शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कचीर परिसर में साइकिलिंग, योग, रस्सीकूद, फिटनेस गतिविधियों एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों को भी अभियान से जोड़ते हुए उन्हें नियमित व्यायाम एवं फिटनेस गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुलदीप धाकड़, आशा कार्यकर्ता बिंदवती, फूलचंद, राजेश, दीनदयाल, रमेश सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

# थाने गेट के बाहर युवक से मारपीट, पत्थर मारकर घायल करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में थाना गेट के बाहर एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, सहनलाल पुत्र स्व. शिवलाल, निवासी ग्राम गोडवा भूप, 19 जुलाई 2026 की दोपहर कासिमपुर थाने के बाहर मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान कार (नंबर PBATT 0038 EF) से आए गोलू उर्फ जितेंद्र पुत्र केशनपाल, अवधेश पुत्र हरिपाल व अन्य लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और पत्थर से हमला कर दिया। हमले में सहनलाल के दाहिने पैर में चोट आई। पीड़ित का कहना है कि शोर सुनकर थाने में मौजूद पुलिसकर्मी और आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शहीद के पार्थिव शरीर से लिपटकर रोई पत्नी

### ताबूत पर सिर पटककर बोली- मुझे साथ ले चलो, सड़क हादसे में गई थी जान

अमन लेखनी समाचार





मेरठ, शिमला सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सैनिक जनेश्वर कुमार (35) का पार्थिव शरीर सुबह 10.30 बजे मेरठ स्थित पैतृक गांव लाया गया। शव जैसे ही घर पहुंचा, पत्नी ताबूत से लिपटकर फूट-फूटकर रोई। बार-बार ताबूत पर सिर पटककर कहती रही कि मुझे भी साथ ले चलो। अब मुझे भी नहीं रहना। पत्नी रोते-रोते बेहोश हो गई। तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दोपहर 12 बजे जब शव यात्रा निकली तो पूरा गांव श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा। 'भारत माता की जय' और 'जनेश्वर कुमार अमर रहें' के नारे लगाए गए। घर से 200 मी. दूर खेत में राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 9 साल के बड़े बेटे हिमांशु ने चिता को मुखाग्नि दी। परिवार के लोगों से लिपटकर फूट-फूटकर रोया। जनेश्वर सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में सेवाएं दे रहे थे। नायक के पद पर तैनात थे। हिमाचल प्रदेश के शिमला में तैनात थे। 1 जुलाई को सड़क हादसे में जनेश्वर सहित कई फौजी घायल हो गए थे। घायलों को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा था। 15 जुलाई यानी बुधवार को जनेश्वर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इससे पहले जनेश्वर का पार्थिव शरीर रात में 11 बजे मेरठ पहुंचा। सुबह पार्थिव शरीर सेना के ट्रक से गांव से दो किलोमीटर दूर हसनपुर लाया गया। यहां से सुबह 9 बजे शव यात्रा पैतृक निवास मुंडाली थानाक्षेत्र के रछौती गांव के लिए रवाना हुई। शवयात्रा में 200 से अधिक गाड़ियों के साथ 2500 से ज्यादा लोग शामिल हुए।

# कोचिंग सेंटर की मालिक ने किया सुसाइड

### पार्टनर अरेस्ट, पिता बोले- रुपए के लेनदेन में बेटी हत्या की गई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, डिजिटल हब कोचिंग की संचालिका ने ग सुसाइड कर लिया था। शाम करीब 7 बजे उसके बिजनेस पार्टनर ने फोन कर परिजनों को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे थे। परिजनों ने पार्टनर पर हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। परिजनों ने उस पर रुपए के लेनदेन में धोखाधड़ी, प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि कोचिंग के लेनदेन को लेकर आरोपी से विवाद चल रहा था। इसी के चलते उसने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पार्टनर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामला लालकुर्ती थाना क्षेत्र का है।

### पार्टनरशिप में कोचिंग शुरू की थी

सराय बहलीम कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पूजा (30) पीएल शर्मा रोड पर एक कोचिंग सेंटर संचालित करती थी। पूजा ने यह कोचिंग सेंटर कपिल नामक युवक के साथ पार्टनरशिप में शुरू किया था। पूजा पिता जगनेश्वर ने बताया कि पूजा रोजाना की तरह घर से कोचिंग के लिए निकली थी। शाम करीब 7 बजे कपिल ने फोन कर परिजनों को सूचना दी कि पूजा ने आत्महत्या कर ली है। मैं उसे अस्पताल लेकर जा रहा हूं। सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, जहां पूजा को मृत घोषित कर दिया गया था। पिता ने कपिल पर हत्या का आरोप लगाया। कहा कि बेटी ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है।

### पूजा को जान से मारने की धमकी भी दी थी

पिता जगनेश्वर ने बताया कि पूजा ने कुछ समय पहले बताया था कि कोचिंग के लेनदेन को लेकर कपिल से उसका विवाद चल रहा था। कपिल ने पूजा को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इन्हीं परिस्थितियों में पूजा की मौत संदिग्ध हो गई है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हिरासत में लिए गए कपिल से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### डेढ़ महीने पहले ही लिया था कोचिंग

पूजा और कपिल ने करीब डेढ़ महीने पहले ही यह कोचिंग सेंटर खोला था। कुछ समय बाद ही लखनऊ की घटना के चलते कोचिंग बंद कर देना पड़ा। कोचिंग दोबारा खोले जाने के आदेश हुए थे। पूजा सुबह घर से कोचिंग गई थी, लेकिन शाम को यह घटना हो गई। पिछले कई दिन से पूजा और कपिल कोचिंग पहुंच रहे थे। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# स्कूल मालिक की लाश मिली, बेड पर सांप बैठा था

### रात 2 बजे पत्नी दूसरी जगह सोने चली गई थी, मेरठ में परिवार बोला- बहू ने हत्या की

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, एक स्कूल संचालक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। सुबह 6 बजे उनका शव किराए के मकान के कमरे में बेड पर मिला। घटना के बाद परिजनों ने पत्नी पर सांप से कटवाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह रात करीब 2 बजे अपने 6 साल के बेटे को लेकर दूसरे कमरे में सोने चली गई थी। सुबह चाय कमरे में पहुंची, तो पति बेड पर चादर ओढ़कर लेटे थे। कई बार आवाज देने पर कोई हलचल नहीं हुई, तो पत्नी ने चादर हटाई। वहां एक सांप देखकर वह चीख पड़ी। शोर सुनकर तुरंत पड़ोसी मौके पर इकट्ठा हो गए। सांप को एक डिब्बे में बंद कर लिया। आनन-फानन में स्कूल संचालक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में उनके दाएं पैर पर सांप के काटने के निशान मिले। मृतक के परिजनों ने पत्नी पर साजिश करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। मामला हस्तिनापुर थाना क्षेत्र का है।

### हस्तिनापुर में किराए के मकान में रहते थे, लव मैरिज की थी

अतुल कुमार (32) बहसूमा थाना क्षेत्र के भंडोरा गांव के रहने वाले थे। 4 किलोमीटर दूर हस्तिनापुर में पत्नी दामिनी (30) और 6 साल के बेटे के साथ किराए पर रहते थे। पिछले 4 साल से अतुल और दामिनी मकान से 1 किलोमीटर दूर कृष्ण किड्स प्ले स्कूल चलाते थे। स्कूल कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक है।

# रेप-पीड़ित बच्ची का इलाज नहीं किया, सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

### कहा- आपको डॉक्टर लिखने का हक नहीं; गाजियाबाद में चली गई थी जान

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, 4 साल की बच्ची के साथ रेप और हत्या केस की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इलाज नहीं देने पर दो प्राइवेट अस्पतालों और उनके डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने दोनों अस्पतालों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने को भी कहा है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा, ह्यअगर आप अपनी ड्यूटी नहीं निभाते हैं तो आपको डॉक्टर कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। अगर अस्पताल में सुविधा नहीं थी तो बच्ची को दूसरे अस्पताल पहुंचाना चाहिए था। क्या इसलिए इलाज नहीं किया, क्योंकि परिवार गरीब था और आपकी फीस नहीं दे सकता था? मामले की सुनवाई अब अगले हफ्ते होगी। पीड़िता के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले की जांच कोर्ट की निगरानी में रकळ या उइक से कराने की मांग की है। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि पीड़िता और उसके परिवार की पहचान गोपनीय रखी जाए और उन्हें किसी तरह से परेशान न किया जाए। बेहोशी हालत में मिली थी बच्ची, खून से लथपथ थी ये मामला 16 मार्च, 2026 का है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक चॉकलेट दिलाने के बहाने 4 साल की बच्ची को अपने साथ ले गया। जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में बच्ची खून से लथपथ और बेहोशी की हालत में मिली परिजन उसे पहले 2 निजी अस्पतालों में लेकर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि दोनों अस्पतालों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद बच्ची को गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की भूमिका पर भी जताई थी नाराजगीसुप्रीम कोर्ट ने 10 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान गाजियाबाद पुलिस के रवैये पर भी सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था- पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने और जांच शुरू करने में अनावश्यक ढिलाई दिखाई। साथ ही दोनों निजी अस्पतालों- खजान सिंह मानवी हेल्थ केयर और सेंट जोसेफ (मरियम) अस्पताल से आरोपों पर हलफनामा दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ और नंदग्राम थाना प्रभारी को तलब किया था। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच एसआईटी कर रही है। एसआईटी में तीन वरिष्ठ महिला अधिकारी शामिल हैं। इनमें एक आईजी रैंक की अधिकारी, एक एसपी रैंक की अधिकारी और एक डीएसपी रैंक की अधिकारी हैं।

# लड़की से पूछा- शादी करोगी, मना करते ही गोली मारी

### चिल्लाते हुए भागा- किसी और की नहीं होने दूंगा; मेरठ में बीच सड़क वारदात

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सिरफिरे आशिक ने एकतरफा प्यार में बीच सड़क 24 साल की लड़की को गोली मार दी। रात 11 बजे आरोपी ने सहेली के साथ लड़की को रोका। उससे पूछा- मुझसे शादी कर लो। लड़की ने मना किया तो बंदूक निकाल ली। फायर कर दिया। लड़की बचने के लिए झुक गई, इसलिए निशाना चूक गया। सहेली ने आरोपी को धक्का दिया। इससे वह गिर पड़ा। उठते ही दूसरी बार फायर किया। गोली लड़की के कान के पास लगी। वह सड़क पर गिर पड़ी। दर्द से तड़पने लगी। लोगों को आता देखकर आरोपी भागने लगा। चिल्लाते हुए बोला- मुझसे शादी नहीं करोगी तो किसी और से नहीं करने दूंगा। मेरी नहीं हुई तो किसी और की नहीं दूंगा। आनन-फानन में लड़की को केएमसी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। लड़की की सहेली ने पुलिस को फोन कर वारदात की जानकारी दी। सूचना पर एसपी सिटी, सीओ पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। वारदात ब्रह्मपुरी थाने के गणेशपुरी चौकी से करीब 300 मीटर दूर अंजुम पैलेस के सामने हुई।

लड़की की सहेली आयशा (28) ने बताया- मैं लिसाड़ी रोड के 60 फुटा इलाके में पति सरफराज के साथ रहती हूं। मेरी दोस्त अपनी मौसी के साथ रहती है और ब्यूटी पार्लर में काम करती है। उसका बर्थडे था। इसलिए मैं उसके पास गई थी। उसने जिद की, इसलिए जन्मदिन मनाने के बाद वहीं रुक गई।

दरअसल, दोस्त एक-दो दिन मेरे साथ रहना चाहती थी। इसलिए कहा कि मैं भी साथ चलूंगी। मैंने उसकी बात मान ली। अगले दिन यानी रात 11 बजे सरफराज हमें लेने पहुंचे। हम तीनों एक बाइक से जा रहे थे। दोस्त पीछे बैठी थी। जैसे ही हम लोग अंजुम पैलेस पहुंचे, अचानक से आरोपी कैफ उर्फ बल्लू ने बाइक रोक ली। बाइक रुकते ही उसने चाभी निकाल ली। फिर दोस्त से बहस करने लगा। मैंने और सरफराज ने बबीच-बचाव किया तो हमें धक्का देने लगा। वह दोस्त को धमका रहा था कि मुझे शादी कर लो, वरना कहीं शादी नहीं होने दूंगा। देखते ही देखते लात-घूंसे से मारने लगा। फिर बंदूक निकालकर गोली चला दी।

पहली गोली उसकी मिस हो गई। फिर दूसरी बार गोली चलाई। गोली दोस्त के कान के पास लगी। फिर मुझे भी गोली मारने की कोशिश की। लेकिन, भीड़ देखकर आरोपी भाग गया। हम लोग भी खून देखकर डर गए। तुरंत बाइक से शाहीन को अस्पताल पहुंचाया। फिर पुलिस को सूचना दी।

# नोएडा के फ्लैट में लगी आग

### 7वें फ्लोर पर एसी में शॉट सर्किट हुआ था, कोई जनहानि नहीं हुई

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-137 स्थित पारस टियरा सोसाइटी में रात करीब 11 बजे सातवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में एसी में ब्लास्ट होने के बाद आग लग गई। घटना से सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने फ्लैट का निरीक्षण किया और कूलिंग प्रक्रिया पूरी कर स्थिति को पूरी तरह सुरक्षित किया मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट सामने आया है। शॉर्ट सर्किट के बाद एसी में ब्लास्ट हुआ, जिससे आग फैल गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। यह मामला थाना सेक्टर-142 क्षेत्र का है। फायर विभाग आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है।

# 5% विकसित प्लॉटों पर बिना अनुमति कारोबार नहीं चलेगा

### नोएडा प्राधिकरण ने दी चेतावनी, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



नोएडा। किसानों को अधिग्रहित जमीन के बदले आवंटित किए गए 5 प्रतिशत विकसित प्लॉटों के व्यावसायिक उपयोग पर नोएडा प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि कई स्थानों पर इन प्लॉटों पर बिना अनुमति होटल, गेस्ट हाउस, शोरूम, गोदाम और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित किए जा रहे हैं। इसे देखते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण करुणेश ने नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण के अनुसार सबसे पहले सभी आवंटियों को सार्वजनिक सूचना जारी कर नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद भी यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसे नोटिस भेजा जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आवंटन निरस्त करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

### अनुमति और कन्वर्जन शुल्क के बाद ही मिलती है छूट

अधिकारियों ने बताया कि 5 प्रतिशत विकसित प्लॉटों पर सीमित व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति है, लेकिन इसके लिए पहले नोएडा प्राधिकरण से स्वीकृति लेना और निर्धारित कन्वर्जन शुल्क जमा करना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार आवंटी को प्लॉट की कुल लागत का 10 प्रतिशत कन्वर्जन शुल्क जमा करना होता है। इसके बाद ही निर्धारित हिस्से का व्यावसायिक उपयोग किया जा सकता है।

### बिना अनुमति चल रहे होटल और अन्य प्रतिष्ठान

प्राधिकरण की जांच में सामने आया है कि नोएडा के कई गांवों में स्थित 5 प्रतिशत विकसित प्लॉटों पर बिना कन्वर्जन कराए बड़े पैमाने पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का प्रदर्शन

### किसान नेता सोरन प्रधान बोले- मांगों को लेकर चक्कर लगा रहे, नहीं हुआ समाधान

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर किसानों ने महापंचायत और प्रदर्शन किया। किसान 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट, नए भूमि अधिग्रहण कानून समेत विभिन्न मांगों को लेकर बड़ी संख्या में प्राधिकरण पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए प्राधिकरण परिसर और आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। महापंचायत में किसान सभा, किसान एकता संघ, किसान परिषद सहित 12 से अधिक किसान संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शन में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के 44 गांवों के किसान पहुंचे।

### 100 से ज्यादा गाँवों के

### किसान मांगों को लेकर डटे

किसान नेता सोरन प्रधान ने कहा- ³नया भूमि अधिग्रहण कानून है। तीन-चार मुद्दे हैं हमारे। 12-13 साल से हमारा सर्किल रेट नहीं बढ़ा है। यही स्थानीय मुद्दे हैं, इन्हीं को लेकर आज हम यहाँ आए हुए हैं। 100 से ज्यादा गाँवों के किसान, तीनों प्राधिकरणों के किसान यहाँ मौजूद हैं और हर प्राधिकरण की समस्या एक जैसी है। आज इस आंदोलन का आगाज किया है।

## जल संरक्षण का लें संकल्प, जल बचाना हम सबकी जिम्मेदारी- जिलाधिकारी चर्चित गौड़

**ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी से संचालित होगा सात दिवसीय अभियान।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। घोरावल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने प्रदेश सरकार द्वारा 16 से 22 जुलाई तक आयोजित भूजल सप्ताह के अंतर्गत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प केवल एक संदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है। जिलाधिकारी ने कहा कि भूजल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जल का विवेकपूर्ण उपयोग तथा भूजल पुनर्भरण को जनआंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझते हुए अपने घर, गांव और आसपास जल संरक्षण के उपाय अपनाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई तथा निर्देश दिए कि भूजल सप्ताह के दौरान जन-जागरूकता रैली, पौधरोपण, जल निकायों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा अन्य निर्धारित गतिविधियां पूरी सक्रियता के साथ आयोजित की जाएं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आरसेटी में 20 जुलाई से निःशुल्क 'शॉप कीपर' प्रशिक्षण शुरू

**ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की भी मिलेगी जानकारी**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अग्रणी बैंक इण्डियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सोनभद्र में 20 जुलाई 2026 से 'शॉप कीपर' व्यवसायिक प्रशिक्षण (उद्यमिता विकास कार्यक्रम) का छह दिवसीय पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। आरसेटी के निदेशक विशाल खन्ना ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दुकान संचालन, उद्यमिता विकास, व्यवसाय योजना (प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने, बैंक ऋण हेतु आवेदन प्रक्रिया तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि प्रशिक्षणार्थी स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं। चयन में बीपीएल/रएउउ-2011 परिवारों के सदस्यों तथा दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। आरसेटी ने जनपद के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण का लाभ उठाएं। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं तथा साक्षात्कार के उपरांत निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। संपर्क पताः ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सरकारी आईटीआई के पास, लोढ़ी टोल प्लाजा के पश्चिम, लोढ़ी, सोनभद्र।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस की पाठशाला का आयोजन

**छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, आपदा सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज, ओबरा में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी ओबरा श्री प्रभात राय, प्रभारी निरीक्षक ओबरा, प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र तथा प्रभारी साइबर हेल्प थाना ओबरा द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण गुड टच-बैड टच साइबर अपराधों से बचाव ऑनलाइन ठगी फर्जी कॉल, लिंक एवं डळढ फ्रॉड सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं, पानी में डूबने की घटनाओं से बचाव राहगीर योजना (ऋङ्खङ्खरिंश्३ल्ल रूी) तथा अन्य जनहितकारी विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, महिला उत्पीड़न अथवा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन अथवा पुलिस से संपर्क करें। साथ ही उन्हें कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं अन्य विषयों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का अधिकारियों द्वारा सरल एवं संतोषजनक उत्तर दिया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। सोनभद्र पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं, बालिकाओं एवं युवाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जा सके।

### खास समाचार

## 20 जुलाई से चोपन में गूंजेगी श्रीराम कथा, विश्व शांति महायज्ञ की तैयारियां लगभग पूरी

अमन लेखनी समाचार

चोपन /सोनभद्र- नगर के चोपन गांव स्थित मड़र माता मंदिर परिसर में 20 जुलाई 2026 से 27 जुलाई 2026 तक विश्व शांति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा का रसपान श्रद्धालुओं को परम पूज्य दिलीप महाराज जी के मुखारविंद से प्रतिदिन कराया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन सायं 5:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। वहीं 20 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे चोपन बैरियर से भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर आयोजन स्थल तक पहुंचेगी। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक धमार्चार्य शिवकुमार पहाड़ी बाबा हैं। कार्यक्रम के संरक्षक राजा मिश्रा, नागेश्वर गौड़, सुनील सिंह, श्यामा चरण गिरी, राजकुमार यादव एवं संतोष साहनी हैं। आयोजन की तैयारियों में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने तथा विश्व शांति महायज्ञ में सहभागिता निभाकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## बदहाल सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा किया प्रदर्शन, सड़क निर्माण की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के घुघली के रामपुर बलडीहा टोला बेलवा में जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, मरम्मत की मांग तेज घुघली विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रामपुर बलडीहा के टोला बेलवा में शनिवार को जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब दो वर्ष पहले नाली निर्माण के लिए सड़क को तोड़ दिया गया था, लेकिन उसके बाद से आज तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है, जिससे पैदल चलना और वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे बृहद स्तर पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान अशोक यादव, इरशाद, छेदी, ब्रह्मानंद यादव, रुदल यादव, रामकिशुन, वाजिद खुडबुड़ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने बताया कि यदि सड़क लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) के अंतर्गत आती है तो संबंधित विभाग को पत्र भेजा जाएगा। वहीं यदि सड़क ग्राम पंचायत के अधीन है तो शीघ्र ही मौके का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा घोरावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गई जन समस्याएं

**अपर पुलिस अधीक्षक तहसील रॉबर्ट्सगंज में किया गया जन समस्याओं का निस्तारण।**

**शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील घोरावल में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि संबंधी प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकना पड़े तथा शिकायतों का त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा तहसील रॉबर्ट्सगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जन समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल अंतर्गत संबंधित तहसीलों में आयोजित ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ में उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों को सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जुगैल पुलिस ने शांतिभंग करने वाले अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के छोटी घटनाओं का भी गंभीर संज्ञान लेने के निर्देश अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण के क्रम मेंख थाना जुगैल पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण मु0अ0सं0- 89/2026धारा 115(2), 352, 351(3), 191(2) इठर से संबंधित दो अभियुक्तों व महिला से बत्तमीजी करने के एक अभियुक्त कुल तीन को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 18.07.2026 को वादी अत्ताउल्लाह यादव पुत्र शोभा निवासी ग्राम भीतरी के द्वारा सूचना दी गई कि उनके विपक्षियों के जानवर उनके खेत चर ले जाते हैं जिस पर मना करने पर विपक्षीगढ़ के राजेश पुत्र रामपति यादव और संतोष पुत्र मनीष आदि लोगों ने उनके साथ मारपीट की है इस सूचना पर वियोग पंजीकृत कर अभियुक्त राजेश पुत्र रामपति यादव और संदेश संतोष पुत्र मैनेजर यादव निवासी ग्राम भीतरी जुगल को गिरफ्तार कर किया गया इसी प्रकार एक आवेदिका रानी पत्नी मनोहर निवासी चतरवार थाना जुगल ने सूचना दिया कि उसकी दुकान से अच्छे वर्मा पुत्र नरेश वर्मा उधर सामान लेता है मांगने पर अश्लील गालियां देता है और उसके विकलांग पति को भी उलटी सीधी बातें कहता है पूछताछ के दौरान उग्र होने पर अक्षय वर्मा को भी गिरफ्तार किया गया और आज माननीय न्यायालय रवाना किया गया माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में जल्द ही बजेगी मोबाइल की 'घंटी'

**रॉबर्ट्सगंज व घोरावल व दुद्धी के 14 गांवों में बीएसएनएल स्थापित करेगा मोबाइल टॉवर।**

**जिलाधिकारी के निर्देश पर जल्द शुरू होगा टॉवर स्थापना का कार्य।**

**14 गांवों के अलावा आसपास क्षेत्र के निवासियों को मिलेगा इसका लाभ।**

**शिक्षा, स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक लोगों की पहुंच होगी आसान।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। प्राकृतिक संसाधनों की समृद्ध धरती सोनभद्र के वासी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इस आधुनिक युग में मोबाइल नेटवर्क की समस्या का सामना कर रहे हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी के लिए अब यह समस्या बीते दिनों की बात होने वाली है। प्रदेश की योगी सरकार व जिला प्रशासन के प्रयासों से बीएसएनएल जल्द ही रॉबर्ट्सगंज, घोरावल व दुद्धी तहसील के 14 गांवों में 4-जी टावर स्थापित करेगा। इससे इन गांवों के अलावा आस-पास के क्षेत्र भी मोबाइल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इंटरनेट तक आसान पहुंच यहां के वासियों के लिए एक बड़ा उपहार साबित होगी। बीएसएनएल द्वारा टॉवर स्थापित किए जाने का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों के चलते सोनभद्र में आज भी कुछ क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या है। जिले के कई दूरस्थ गांवों में लोगों को फोन करने के लिए ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ता है, जबकि इंटरनेट सेवा भी अक्सर बाधित रहती है। इसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक लोगों की पहुंच पर पड़ता है। लेकिन अब आमजन की यह समस्या जल्द दूर होने वाली है। बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों की पहचान करने और वहां प्राथमिकता के आधार पर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल रॉबर्ट्सगंज तहसील के 4 गांवों नगवां, दरमा, मड़कुरी, सांडसोत तथा घोरावल तहसील के पांच गांवों ढोलो, सपही, अमिलिपोखर, मूर्तिया व देवगढ़ में 4-जी टावर लगाए जाएंगे। इसी तरह से दुद्धी तहसील क्षेत्र के पांच गांवों डूमा, जौराही, गंगहर, शिशवा व पतखिरना में भी टावर लगने से जल्द ही मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि टॉवर स्थापित किए जाने का कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा।

## खुलेआम बिक रहा मीट, कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति! कचनरवा बाजार में बदबू और गंदगी से लोग परेशान

**अमन लेखनी समाचार**

कोन/सोनभद्र। ओबरा तहसील क्षेत्र के कोन थाना अंतर्गत कचनरवा मुख्य बाजार में खुलेआम सड़क किनारे मुर्गा, मछली और मांस की बिक्री से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। आरोप है कि बाजार, अस्पताल मार्ग, बागेसोती रोड और कोन-विंढमगंज मार्ग पर मीट विक्रेताओं ने सड़क तक कब्जा कर रखा है, जिससे राहगीरों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है, जिसके चलते अवैध मीट विक्रेताओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायतें और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद संबंधित विभाग ने सिर्फ औपचारिक कार्रवाई की। कुछ माह पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी कर दो दुकानदारों पर कार्रवाई की थी, लेकिन उसके बाद फिर से खुलेआम सड़क किनारे मांस और मछली की बिक्री शुरू हो गई। लोगों का कहना है कि सड़क पर ही मुर्गों का वध और मांस की कटाई होने से आसपास गंदगी और दुर्गंध फैली रहती है। बाजार से गुजरने वाले लोगों पर खून और पानी के छींटे पड़ने की शिकायतें भी सामने आती हैं। इससे न केवल विवाद और मारपीट की आशंका बनी रहती है, बल्कि संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। जबकि जिले में इन दिनों संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, ऐसे में कचनरवा बाजार की स्थिति अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में कुछ मिठाई और नाश्ते की दुकानों पर भी मानकों की अनदेखी करते हुए बासी एवं खराब गुणवत्ता की खाद्य सामग्री बेची जा रही है। लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से पूरे बाजार का व्यापक निरीक्षण कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार खुले में मांस का प्रदर्शन और बिक्री प्रतिबंधित है। खाद्य सुरक्षा विभाग के नियमों के तहत मांस विक्रेताओं के लिए वैध लाइसेंस, स्वच्छता मानकों का पालन तथा दुकान को इस प्रकार ढंकना अनिवार्य है कि बाहर से मांस दिखाई न दे। नियमों के उल्लंघन पर जुमार्ना, लाइसेंस निरस्तीकरण और दुकान सील करने तक का प्रावधान है। इसके बावजूद कचनरवा बाजार में नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। गंगा यादव, अंकित, प्रदीप, जोखन, बिहारी, सुनील, राजेश, रघुवर समेत अनेक स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी और जिला प्रशासन से मांग की है कि मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, सड़क किनारे खुले में मांस की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा बिना मानक और बिना लाइसेंस संचालित दुकानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के संबंधित अधिकारी से मोबाइल फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में प्रभावी कार्रवाई करता है या मामला एक बार फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है।

## संचारी दस्तक अभियान को मिली रफ्तार, उच्च जोखिम वाले गांवों में विशेष सफाई व स्वास्थ्य सर्वे जारी

**रैली, ग्राम सभाएं, फॉगिंग और स्वास्थ्य जांच के माध्यम से संक्रामक रोगों की रोकथाम पर विशेष जोर।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 01 जुलाई, 2026 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई, 2026 से दस्तक अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुरूप व्यापक साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण एवं मरम्मत, फॉगिंग, शौचालय निर्माण, कृतंक नियंत्रण तथा सूकर पालकों का संवेदीकरण किया जा रहा है। साथ ही आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, पंचायत सहायकों, सफाईकर्मियों एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संचारी अभियान के अंतर्गत अब तक 2,008 विद्यालयों में जागरूकता रैलियां, 367 प्रभात फेरियां एवं 416 ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा 1,612 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, 1,520 हैंडपंपों की मरम्मत, 646 हैंडपंप चबूतरों का सुधार, 445 शौचालयों का निर्माण, 856 ग्रामीण एवं 887 शहरी नालियों की सफाई, 78 नगरीय वार्डों में फॉगिंग, 143 सूकर पालकों का संवेदीकरण तथा 349 कृतंक नियंत्रण गोष्ठियों का आयोजन किया गया है। दस्तक अभियान के अंतर्गत घर-घर स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर बुखार, मलेरिया, कुष्ठ, क्षय रोग, आईएलआई (खांसी-जुकाम), डायरिया, कुपोषण एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों का चिन्हीकरण किया जा रहा है। अब तक 1,914 बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण तथा 1,828 आरडीटी जांचें की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त मलेरिया, कुष्ठ, क्षय रोग, आईएलआई, डायरिया एवं कुपोषित बच्चों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

## चार माह बाद धानी पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद; साथी की तलाश तेज

**सिकड़ा गांव से चोरी हुई थी बाइक, पूछताछ में साथी संग वारदात कबूल; न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल**

**अमन लेखनी समाचार**




महराजगंज। धानी पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर चार माह पुराने वाहन चोरी के मामले का खुलासा किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस फरार साथी की तलाश में जुटी है। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि मार्च माह में धानी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सिकड़ा निवासी सुखदेव के घर से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार मामले की जांच और आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खड़खड़िया घाट, धानी से कमलेश, निवासी मोहनापुर टोला, पादरी बाजार, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'द इंडिया स्टोरी' 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style

# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

'सैयाराब' सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।' उन्होंने कहा था, 'यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।'



हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म 'द ओडिसी' 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर 'ओपेनहाइमर' से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स।** 'द हंट फॉर गोलम' में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, 'द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।' हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। 'द हंट फॉर गोलम' बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को 'एक्शन की रानी' कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम 'टाइगर जिंदा है' (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह 'टाइगर' फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार 'जोया' (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई।** सनी देओल आगामी फिल्म 'बटवारा 1947' को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म 'अर्जुन' का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म 'अर्जुन' का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

टीवी मसाला



# 'कौन बनेगा करोड़पति 18' की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर 'हॉट सीट' पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

***कौन बनेगा करोड़पति 18 का नया फॉर्मेट :*** अमिताभ बच्चन इस शो के नए सजीन के साथ फिर से वापसी के लिए तैयार हैं। शो के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के नए प्रोमो जारी किए हैं, जिनमें होस्ट अमिताभ बच्चन को रोजमर्रा की स्थितियों में दिखाया गया है। इन प्रोमो में बताया गया है कि आज जानकारी आसानी से मिल जाती है और टेक्नोलॉजी ने लोगों के सीखने का तरीका बदल दिया है, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जानकारी का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि सोचना और सही फैसले लेना भी जरूरी है। ऐसे में कंटेस्टेंट्स को सिर्फ चीजें याद रखने के बजाय सोचने-समझने पर भी ध्यान देना होगा।

***केबीसी 18 नए ट्विस्ट के साथ 10 अगस्त से होगा शुरू :*** 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त 2026 को होगा। चैनल ने शो के कई प्रोमो शेयर किए हैं, जिससे पता चलता है कि इस बार इसमें नया ट्विस्ट आने वाला है। पहले प्रोमो में बिग बी कहते हैं, 'इतिहास, खेल, विज्ञान इन सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि अब खेल जो है वो बदल गया है। केवल उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा।' दूसरे प्रोमो में दिग्गत अभिनेता कहते हैं, 'देखिए आज एआई ने दुनिया को बदल दिया है। ये बदलाव जो है ना रुकने वाला नहीं है जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन होता है। इस बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए केबीसी में भी हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, अब उत्तर देने से पहले आपको सोचना पड़ेगा।'

## कौन बनेगा करोड़पति 18 का तीसरा प्रोमो

तीसरे प्रोमो में वह कहते हैं, 'आज कल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गया है। आपकी जेब में भी। नहीं समझे? अरे भाईसाहब आपके फोन पर। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उसके लिए जवाब आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।'

# जिस्सू 'बहुरूपी' में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह 'बहुरूपी' के सीक्वल 'बहुरूपी: द गोल्डन डाकू' में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ('पोस्टो' और 'बाबा बेबी ओ' जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई।** रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि 'रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।' यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया 'प्रलय' का लुक 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म 'प्रलय' के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, 'बाबा नाराज हो क्या?', तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

## रणवीर बनेंगे 'प्रलय' के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी 'मां कसम फिल्म्स' के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।



# गोविंदा की वापसी से पहले ओटीटी पर जरूर देखें उनकी सुपरहिट फिल्में...

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने बड़े पर्दे पर वापसी का ऐलान कर अपने प्रशंसकों को खुशखबरी दी है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह जल्द ही फिल्म 'रूपा' में नजर आएंगे। उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में नई फिल्म के रिलीज होने से पहले आइए गोविंदा की उन शानदार फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिनका आनंद आप विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ले सकते हैं।*

## 'हीरो नंबर 1' और 'कुली नंबर 1'

साल 1997 में आई डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म 'हीरो नंबर 1' में गोविंदा के साथ करिश्मा कपूर, कादर खान और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। कॉमेडी फिल्म 'कुली नंबर 1' में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, कादर खान, हरीश कुमार और शक्ति कपूर ने काम किया था। इस फिल्म का भी आप प्राइम वीडियो पर लुफ्त उठा सकते हैं।

## 'राजा बाबू' और 'दूल्हे राजा'

कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'राजा बाबू' में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, शक्ति कपूर, कादर खान और अरुणा ईरानी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। आप इस फिल्म को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। हरमेश मल्होत्रा के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म 'दूल्हे राजा' में गोविंदा के साथ-साथ रवीना टंडन, कादर खान, जॉनी लीवर और प्रेम चोपड़ा साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



## 'पार्टनर'

सन 2000 के दशक की गोविंदा की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'पार्टनर' को डेविड धवन ने निर्देशित किया था। इसमें गोविंदा के साथ सलमान खान, कैटरीना कैफ और लारा दत्ता भी नजर आए थे। आप इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# 'जना नायकन' ने मचाया तूफान की इतने करोड़ की बंपर बुकिंग

**मुंबई।** फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। तमिलनाडु सरकार ने सुपरस्टार विजय की नई फिल्म 'जना नायकन' के टिकटों का अधिकतम मूल्य 190 रुपये तय कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि निष्पक्षता बनी रहे और टिकटों की कालाबाजारी या मनमानी कीमत वसूली पर रोक लग सके। निर्देशक एच. विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राज्य में इसकी एडवांस बुकिंग 19 जुलाई से शुरू हो जाएगी।



## एडवांस बुकिंग दुनिया भर में 4 करोड़ पार

'जना नायकन' फिल्म रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। 16 जुलाई तक, इसकी एडवांस बुकिंग ने दुनिया भर में 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। रिलीज के दिन, दक्षिण भारत में सुबह 6 बजे से ही फिल्म के शो शुरू हो जाएंगे। वहीं, कर्नाटक के सिनेमाघरों में, जहां टिकटों की कीमतों पर कोई सरकारी पाबंदी नहीं है, वहां एक टिकट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। उत्तर भारत में फिल्म की भारी मांग के कारण इसे लगभग 2000 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। साथ ही मुंबई के मलाड और अंधेरी जैसे तमिल बहुल इलाकों में सुबह 4 बजे के विशेष शो भी रखे गए हैं।